RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर


https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 270 ■ मुंबई, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



पाक की हालत अब टुकड़े-टुकड़े होने तक पहुंची
पेज-4



साथ-साथ लड़ें या अलग-अलग, फिर खिलेगा कमल!
पेज-6



हिंदू धर्म में भगवान शंकर की पूजा बहुत शुभ
पेज-8



बाबुता के बाद रूद्रांक्ष-आर्या की जोड़ी का दिखा जलवा, जीता रजत
पेज-9

## राहुल विदेशी हैं या भारतीय ?



### हाईकोर्ट ने कहा-केंद्र सरकार 10 दिन में जवाब दे

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं।

जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने केंद्र सरकार को 10 दिन के भीतर अपना रुख स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की।

इस पर कोर्ट ने कहा, हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं। केंद्र सरकार ने इसका जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

### राहुल के चरित्र पर सवालिया निशान : फडणवीस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी यात्रा के दौरान चुनाव आयोग के बारे में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी आलोचना की। सीएम फडणवीस ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि राहुल गांधी विदेश में जाकर अपने देश के प्रति, देश की संवैधानिक संस्था के प्रति झूठ फैलाने और भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, यह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि बार-बार चुनाव हारने से उन पर असर पड़ा है, जिसके कारण वे ऐसी हरकत कर रहे हैं। कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को इस तरह से बदनाम नहीं कर सकता।

राहुल गांधी जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनके चरित्र पर एक सवालिया निशान खड़ा हो गया है। दुनिया भर में देश की बदनामी करके वे चुनाव नहीं जीत सकते हैं। चुनाव जीतने के लिए उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जनता के बीच जाना होगा।



## दुनिया ने देखी भारत-अमेरिका रिश्ते की गहराई

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत-अमेरिका रिश्तों में गर्मजोशी और गहराई की झलक सोमवार को तब दिखी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनके परिवार का स्वागत 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर किया। मुलाकात सिर्फ औपचारिक नहीं थी, उसमें अपनापन भी झलक रहा था। जेडी वेंस से मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी। PMO ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान पीएम ने जनवरी में अमेरिका की अपनी सफल यात्रा और राष्ट्रपति ट्रम्प से हुई चर्चाओं को याद किया, जिसमें भारत-अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी के लिए रोडमैप तय किया गया था। पीएम और उप राष्ट्रपति वेंस ने फरवरी में पेरिस में हुई अपनी पिछली मुलाकात के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका बाइलेट्रल ट्रेड के समझौते में हुए डेवलपमेंट का स्वागत किया और ऊर्जा, रक्षा और रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई।

पीएम और उप-राष्ट्रपति ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और इस बात पर सहमति जताई कि आगे बढ़ने का रास्ता बातचीत और कूटनीति से ही निकलेगा। इसमें खासकर टैरिफ का मुद्दा था।

**मुर्शिदाबाद हिंसा**

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-क्या राष्ट्रपति को आदेश दें

- केंद्रीय बलों की तैनाती से इनकार किया
- वकील के दावों पर भी सवाल उठाए



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने CJI बनने वाले हैं।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को कहा था कि कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले थे कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं।

## निशिकांत के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमारी मंजूरी जरुरी नहीं

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा न्यायापालिका पर की गई टिप्पणी पर विवाद हो गया है और अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी हो रही है। सोमवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने एक याचिका आई, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मांगी गई। इस पर पीठ ने कहा कि आप इसे दायर करें, याचिका दायर करने के लिए आपको हमारी मंजूरी की जरूरत नहीं है।

## ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे

**महानगर नेटवर्क**

**वेटिकन**

इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वेटिकन केमरलेंगो केविन फेरेल ने एक बयान में कहा कि सुबह 7:35 बजे रोम के बिशप, फ्रांसिस, पिता के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च कार्डिनल की सेवा के लिए समर्पित था। फ्रांसिस पुरानी फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे और युवावस्था में उनके एक फेफड़े का हिस्सा निकाल दिया गया था। उन्हें 14 फरवरी, 2025 को जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उन्हें डबल निमोनिया का पता चला था। उनके निधन के बाद पूरी दुनिया में शोक की लहर है। वेटिकन में नौ दिन का शोक घोषित कर दिया गया है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी श्रद्धांजलि**

पीएम मोदी ने भी पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। पोप फ्रांसिस को हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा।



# 26/11 आतंकी हमले में कांग्रेस-एनसीपी का हाथ

## भाजपा नेता माधव भंडारी का सनसनीखेज आरोप

**मुंबई।** सोमवार को भाजपा प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष माधव भंडारी ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि मुंबई में 26/11 को हुए आतंकी हमले में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का हाथ था। भंडारी के इस बयान के बाद राज्य की सियासत गर्म हो गई है और सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता और दूसरे पर आरोप -प्रत्यारोप लगाना शुरू कर दिया है। पुणे में महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर हत्या मामले में बरी हुए विक्रम भावे की पुस्तक दाभोलकर मर्डर एंड मी के विमोच विमोचन में भाजपा नेता भंडारी ने यह बयान दिया। उन्होंने अपने बयान में कहा



कि इतना बड़ा आतंकी हमला बिना किसी स्थानीय प्रशासन के प्रभाव की व्यक्ति से नहीं हो सकता। माधव भंडारी ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सभी को अंदाजा था कि मुंबई पर हमला होगा। नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे,गौरी लंकेश और एम.एम. कलबुर्गी हत्या के जरिए हिंदुत्व संगठनों को खत्म करने की साजिश रची गई थी। नरेंद्र दाभोलकर हत्या मामले में शरद कालस्कर और सचिन अंदुरे को दोषी बताया गया,लेकिन इस मामले में वे निर्दोष साबित हुए। भंडारी ने कहा कि जब तक वे रिहा नहीं हो जाते,वह चैन से नहीं बैठेंगे। गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए माधव भंडारी ने कहा, 'गुजरात दंगों के बाद से ही हिंदुत्व को बदनाम करने का षड्यंत्र रचने का काम चल रहा है।' देश में राजनीतिक परिवर्तन के बाद व्यवस्था के कारण हिंदूवादी संगठन बदनाम हो रहे हैं। क्योंकि व्यवस्था एक ही है, पुलिस,राजस्व और न्यायपालिका इस व्यवस्था को बदलना एक बड़ी चुनौती है।

### माधव भंडारी की पुलिस करे जांच : सपकाल

भाजपा नेता माधव भंडारी के गंभीर आरोप के बाद कांग्रेस पार्टी उन पर टूट पड़ी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन सपकाल ने भंडारी के आरोप का निषेध करते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन से माधव भंडारी से पूछताछ कर जांच की मांग की है। सपकाल ने कहा कि इस मामले का आरोपी डेविड कोलमैन हेडली अभी भी



फरार है। तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। माधव भंडारी को राणा के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ की जानी चाहिए। उन्होंने जो बयान दिया वह गंभीर है। उनके बयान के अनुसार,उस समय सरकार में रहे कई नेता आज भाजपा में हैं। अजित पवार समेत कई लोग उस समय कैबिनेट में थे और अब भी कैबिनेट में हैं। इसलिए अजित पवार को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए और उनकी जांच भी होनी चाहिए।

### विधायकी नहीं मिली इसलिए दे रहे ऐसा बयान : अजित पवार



भाजपा नेता माधव भंडारी के आरोप पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बयान दिया,उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि माधव भंडारी को विधायकी नहीं मिला इसलिए ऐसा बयान दे रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक अमोल मिटकरी ने कहा है कि भंडारी की मानसिक स्थिति खराब हो गई है और उन्हें इलाज की जरूरत है। युवावस्था में विधान परिषद में सेवा करने का मौका न मिलने से उन पर बुरा असर पड़ा है। अमोल मिटकरी ने माधव भंडारी की आलोचना करते हुए कहा कि अगर उनके इलाज के लिए किसी भी सहयोग की आवश्यकता होगी तो राष्ट्रवादी पार्टी पूरे तन, मन और धन से भंडारी का सहयोग करेगी।

# केरल राज्य लॉटरी अध्ययन के लिए समिति

- सुधीर मुनगंटीवार की अध्यक्षता में बनी कमेटी
- समिति में सभी दलों के विधायक शामिल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी का राजस्व बढ़ाने के लिए सरकार केरल राज्य लॉटरी का अध्ययन करेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पूर्व वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। इस समिति में सभी दलों के विधायक शामिल हैं। समिति को केरल राज्य लॉटरी का अध्ययन करने और एक महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। पिछले महीने आयोजित राज्य विधानमंडल के बजट सत्र में भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने महाराष्ट्र राज्य लॉटरी के माध्यम से राज्य का राजस्व बढ़ाने का सुझाव दिया था। उस समय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुनगंटीवार की



अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की घोषणा की थी। इस अनुसार राज्य लॉटरी निदेशालय ने सोमवार को इस समिति के संबंध में एक शासन निर्णय जारी किया। इस समिति में भाजपा विधायक अमित साटम, शिवसेना शिंदे गुट के चंद्रदीप नरके, विठ्ठल लंघे, राकांपा अजित पवार गुट के चेतन तुपे, शेखर निकम, राकांपा शरद पवार गुट के रोहित पाटिल, शिवसेना ठाकरे गुट के सुनील प्रभु, कांग्रेस के अमित देशमुख शामिल हैं।

# मुख्य सूचना आयुक्त राहुल पांडे ने ली शपथ



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य के नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में राहुल पांडे ने सोमवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। इस अवसर पर रवींद्र ठाकरे, प्रकाश इंदलकर और गजानन निमदेव को भी राज्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई गई।

राजभवन में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। शुरुआत में राज्यपाल के सचिव डॉ. प्रशांत नारनवरे ने ने मुख्य सूचना आयुक्त राहुल पांडे एवं अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की अधिसूचना पढ़कर सुनाई। इसके बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और राज्य गीत से हुई, जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में विधान परिषद सदस्य परिणय फुके, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, प्रमुख सचिव एवं सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशक बृजेश सिंह, पत्रकार और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# ठेकेदार की लापरवाही से युवक का टूटा दांत

**भिवंडी।** शहर में जर्जर और अवैध इमारतों को तोड़ने के लिए भिवंडी मनपा प्रशासन ने सहारा ट्रेडर्स नामक कंपनी को ठेका दिया है,लेकिन इस कंपनी के ठेकेदार की लापरवाही अब आम नागरिकों के लिए खतरा बनती जा रही है। रविवार की रात भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर लाइब्रेरी को तोड़ते समय एक सरिया सड़क पर जा रहे पैदल युवक के मुंह पर जा लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनराज सरोज नामक युवक सड़क किनारे से गुजर रहा था, तभी अचानक एक सरिया उसके मुंह पर आकर लगी, जिससे उसका एक दांत टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही उद्धव बाला साहेब गुट के जिला प्रमुख मनोज गगे, जिला सचिव राजा भाऊ पुण्यार्थी ने घायल युवक को तुरंत युनिक अस्पताल में भर्ती कराया।

# पानी टंकियों की सफाई की मांग



**महानगर संवाददाता**
**भायंदर**

मीरा-भायंदर शहर में कुछ दिनों से खराब पानी आनें की शिकायते आ रही हैं । भाजपा के पूर्व नगरसेवक रोहिदास पाटील ने हालही में मनपा आयुक्त को एक निवेदन पत्र देकर शहर की सभी पानी टंकियों को साफ करने की मांग की है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया की शहर की सभी पानी टंकियों को पहले हर साल फरवरी एवं मार्च महीने में साफ कराया जाता था, परन्तु गत 3 वर्ष से शहर की पानी टंकियों को साफ नहीं किया गया है। इन टंकियों में जमा मिट्टी एवं गंदगी की वजह से शहर में पानी खराब आ रहा है । इस खराब पानी की वजह से लोग बीमार हो रहे है। रोहिदास पाटील ने इस पत्र में उल्लेख किया है की शहर की सभी पानी टंकियों को साफ करने के लिए उनके द्वारा पहले भी पत्र दिया गया था परन्तु अभी तक शहर की पानी टंकियों की सफाई नहीं हुई है। जनता की मुलभुत सुविधा एवं शहर के लोगों को बीमारी से बचाने के लिए जल्द से जल्द शहर की सभी पानी टंकियों की सफाई करने की जरूरत है। इस विषय में जब हमने मनपा के जल विभाग से जानकारी प्राप्त करनी चाही तो वहां से संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया ।

# विधायक का नाम इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की कोशिश

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

अंधेरी इलाके में एक चौंकाने वाली ठगी की कोशिश सामने आई है,जहां एक अज्ञात व्यक्ति ने बीजेपी विधायक अमित साटम के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को धोखा देने की कोशिश की। इस मामले में जुहू पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है।

अमित साटम, अंधेरी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के मौजूदा विधायक हैं और लल्लुभाई श्यामलाल रोड, अंधेरी में रहते हैं। उनका कार्यालय भी उसी इलाके में स्थित है, जहां स्थानीय लोग अक्सर नागरिक समस्याओं को लेकर उनसे संपर्क करते



हैं। घटना 17 अप्रैल, गुरुवार की है, जब साटम के परिचित चैतन्य नाइक को एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर संदेश भेजा। उस व्यक्ति ने खुद को "सहगल" बताया और दावा किया कि वह अमित साटम के कार्यालय से बात कर रहा है। इसके बाद उसने एक बैंक खाता नंबर साझा किया और चैतन्य नाइक से 25,862 रुपए की मांग की, उसने कहा कि उसे शैक्षणिक सहायता के लिए पैसे चाहिए। नाइक को संदेह हुआ और उन्होंने सीधे अमित साटम से संपर्क किया। पूछताछ करने पर साटम ने स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय में "सहगल" नाम का कोई कर्मचारी नहीं है और वे ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जानते। तब पता चला कि आरोपी ने विधायक के कार्यालय का नाम लेकर झूठे बहाने से पैसे ऐंठने की कोशिश की थी। इस धोखाधड़ी के प्रयास का पता चलने के बाद, अमित साटम ने जुहू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी की धाराओं और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाया है। आगे की जांच जारी है।

# मनपा अधिकारियों पर हो रही कार्रवाई से कैसे रुकेगा अवैध निर्माण

## इंजीनियर यूनियन ने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर पूछा सवाल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई मनपा इंजीनियर यूनियन ने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को पत्र लिखकर सवाल खड़ा किया है कि अवैध निर्माण की कार्रवाई पर इस तरह मनपा इंजीनियरों को कसूर वार ठहराया गया तो अवैध निर्माण पर कैसे लगाम लगेगी। यूनियन ने मनपा आयुक्त से गुहार लगाई है कि प्रशासन को कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं के साथ मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो मुंबई मनपा में कोई भी



अधिकारी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस नहीं करेगा। अब यह तय करना जरूरी हो गया है कि न्यायालय के आदेशों का पालन कर प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाई जाएगी या फिर राजनीतिक दबाव के आगे झुका जाएगा। इंजीनियर यूनियन की हाल ही में विलेपार्ले की घटना के बाद सहायक आयुक्त के तबादले और एफ नार्थ वार्ड में सहायक आयुक्त द्वारा की गई अविगढ़ निर्माण पर कार्रवाई के बाद राजनेताओं के दबाव में सहायक आयुक्तों का तबादला कर दिया गया,जिसको लेकर सवाल खड़ा किया है। विलेपार्ले स्थित जैन मंदिर पर न्यायालय के निर्देशों के बाद कार्रवाई करने वाले सहायक आयुक्त को निलंबित करने की कार्रवाई पर यूनियन के महासचिव यशवंत धुरी ने आयुक्त को पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है।

# भिवंडी में अवैध गोकशी रैकेट का पर्दाफाश

## दो मामलों में 200 किलो गोमांस और 25 जिंदा गोवंश बरामद, सात आरोपी नामजद

**भिवंडी।** भिवंडी पुलिस ने अवैध गोकशी के दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 200 किलो गोमांस और 25 जिंदा गोवंश को बरामद किया है। ये दोनों घटनाएं शहर के समानगर मस्जिद क्षेत्र की हैं। पुलिस ने इस संबंध में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है,हालांकि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पहला मामला रविवार शाम का है, जब दरगाह के समा मस्जिद के पीछे एक ऑटो रिक्शा की तलाशी के दौरान पुलिस को गोवंश के मांस से भरे बैग मिले। इस दौरान पुलिस ने करीब 150 से 200 किलो अवैध गोमांस जब्त किया। शिकायत पुलिस सिपाही निलेश रवीन्द्र देवरे ने दर्ज कराई, जिसके आधार पर मोईनुद्दीन सलाउद्दीन शाह, सैदू, नजीर और गप्फू के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# खाड़ी देश में नौकरी के लिए बनवाया फर्जी पासपोर्ट

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने दो यात्रियों को उस समय हिरासत में ले लिया,जब उनके पासपोर्ट पर दर्ज उम्र और उनकी वास्तविक उम्र के बीच असमानता पाई गई। गहन जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई।

गिरफ्तार किए गए यात्रियों की पहचान बेंगलुरु निवासी लाल मोहम्मद (57) और बिहार निवासी इमाम हुसैन (59) के रूप में हुई है। उनके पासपोर्ट में उनकी उम्र 46 और 49 वर्ष दर्ज थी। हालांकि पूछताछ के दौरान उनके हावभाव और शारीरिक बनावट से संदेह हुआ,जिससे आगे की जांच शुरू हुई। सहार पुलिस के अनुसार,दोनों

**असली पासपोर्ट में उम्र ज्यादा होने के कारण बनाया था नकली पासपोर्ट**



आरोपियों ने नकली जन्म प्रमाण पत्रों के जरिए नया पासपोर्ट बनवाया था,ताकि अपनी असली उम्र को कम दिखाया जा सके। जांच में यह सामने आया कि खाड़ी देशों में नौकरी के लिए अधिकतम आयु सीमा आमतौर पर 50 वर्ष होती है, जिसके कारण दोनों ने यह फर्जीवाड़ा किया।

लाल मोहम्मद ने अपने पुराने दस्तावेज़ों में जन्म वर्ष 1967 बताया था,जबकि नए पासपोर्ट में उसने 1984 दर्ज करवाया, जिससे उनकी उम्र 17 साल कम हो गई। वहीं इमाम हुसैन ने 1966 के बजाय 1976 जन्म वर्ष बताया। जैसे ही धोखाधड़ी का पता चला, इमिग्रेशन विभाग ने सहार पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धोखाधड़ी, जालसाजी और पासपोर्ट अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इस फर्जीवाड़े में किसी दलाल या एजेंट की भूमिका तो नहीं थी।

# समुद्र में गिरने से ट्रैफिक वार्डन की मौत

**मुंबई।** टाटा गार्डन से वर्ली की ओर जा रहा टेम्पो मुंबई कोस्टल रोड पर घुसकर कथित तौर पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था,जहां भारी वाहनों को चलने की अनुमति नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार,अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक वार्डन रफीक वजीर शेख ने इसके बाद अपने स्कूटर से टेम्पो का पीछा किया, कोस्टल रोड के एक मोड़ पर शेख ने अपने दोपहिया वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वहां रेत के कारण उनका वाहन फिसल गया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद स्कूटर सड़क की सीमेंट की रेलिंग से टकरा गया और शेख अरब सागर में गिर गया। एक सतर्क मोटर वाहन चालक ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी,जिसके बाद सुरक्षा और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और शेख को पानी से बाहर निकाला।

# मानसून पूर्व विकास कार्यों की समीक्षा में जुटे आयुक्त

## ठेकेदारों को दिए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका क्षेत्र में मानसून पूर्व विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता का जायज़ा लेने के लिए मनपा के प्रशासक तथा आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से) ने आज सोमवार को विभिन्न स्थलों का दौरा किया। शहर के तिनबत्ती, मंडई, हिंदुस्तानी मस्जिद, ठाणा रोड, धामणकर नाका रोड समेत अन्य क्षेत्रों में एमएमआरडीए और सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के माध्यम से जारी सीसी रोड निर्माण कार्यों की उन्होंने बारीकी से समीक्षा की। इसके साथ ही पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त सागर ने ड्रेनेज लाइन के चल रहे कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की और साफ निर्देश दिए कि सभी निर्माण और मरम्मत कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि बरसात के दौरान नागरिकों को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान शहर



अभियंता जमिल पटेल, अतिरिक्त अभियंता सचिन नाईक, संबंधित प्रभाग अधिकारी और अन्य तकनीकी अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। मनपा प्रशासन की यह सक्रियता मानसून के दौरान जलजमाव और सड़कों की बदहाली जैसी पुरानी समस्याओं से राहत दिलाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# मोबाइल के झगड़े में दोस्त ने की दोस्त की हत्या

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

वडाला इलाके में मोबाइल फोन को लेकर हुए मामूली विवाद ने एक युवक की जान ले ली। 32 वर्षीय मोहम्मद सलमान मोहम्मद इदरीसी अंसारी की उनके परिचित मोहनकुमार राजकुमार वर्मा (25) द्वारा गला घोंटकर हत्या कर दी गई। वडाला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

वडाला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 16 अप्रैल की रात करीब 11:45 बजे वडाला के शांतिनगर,दीनबंधु नगर, सिवरी-चेंबूर रोड के पास हुई। मृतक और आरोपी दोनों वडाला इलाके के ही निवासी है और आपस में परिचित भी



है। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच बीते कुछ दिनों से मोबाइल फोन से जुड़ी छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद चल रहा था।

बुधवार रात को भी फोन पर कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर आरोपी मोहनकुमार ने पहले सलमान के साथ मारपीट की और फिर उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल सलमान को सायन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही वडाला पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज किया। एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना के बाद वडाला इलाके में सनसनी फैल गई है, और स्थानीय निवासी इस निर्मम हत्या से स्तब्ध हैं। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# अंबरनाथ में बिल्डर के घर पर गोलीबारी



**अंबरनाथ।** अंबरनाथ में स्थित हुतात्मा चौक के पास सोमवार को दोपहर में एक बिल्डर के आवास पर फायरिंग कर अज्ञात हमलावर फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी के सहयोग से फरार आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे कंस्ट्रक्शन व्यवसायी विश्वनाथ पनवेलकर के अंबरनाथ के हुतात्मा चौक के पास स्थित सीता सदन के सामने अचानक मोटरसाइकिल पर दो हमलावर आए। इन दोनों ने पनवेलकर के घर के सामने दो राउंड फायरिंग की, इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। अब तक छानबीन में पता चला कि जैसे मोटरसाइकिल पनवेलकर के पास रुकी थी, उसी समय रिक्शा से आई तीन महिलाएं भी कुछ दूरी पर रिक्शा से उतरी थीं। अचानक होने वाली फायरिंग से महिलाएं डर गई थीं। पुलिस इन तीनों से जानकारी इकठ्ठा कर रही है।

# सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने महिला दिवस पुरस्कार समारोह 2025 मनाया

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने दिनांक 21 अप्रैल को न्यू ऑफिसर्स क्लब, निर्मल पार्क, भायखला में महिला दिवस पुरस्कार समारोह 2025 मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मध्य रेल के विभिन्न मंडलों में महिला कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और समर्पण को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना था। कुल 14 महिला कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार




विजेताओं में नागपुर मंडल से 2, पुणे, सोलापुर और मुंबई मंडल से 1-1, डॉ. बी.ए.एम. रेलवे अस्पताल, भायखला से 1 और मुख्यालय से 8 महिला कर्मचारी शामिल थीं । इस समारोह में बबीता पांडे, सचिव सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ, टीना उप्पल कोषाध्यक्ष सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ तथा संगठन के अन्य सम्माननीय सदस्य उपस्थित थे ।

सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ द्वारा की गई यह पहल महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाने तथा मध्य रेल के विकास और सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने की दिशा में इसके निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## समर कैंप में स्विमिंग पुल मामला

# ठेकेदार समेत छह पर केस दर्ज

**महानगर संवाददाता**
**भायंदर**

समर कैम्प में स्विमिंग सीखने गए 11 साल के बच्चे की पूल में डूबने से मौत हो गई। यह घटना रविवार सुबह लगभग 10:30 बजे की है। मृतक छात्र का नाम ग्रंथ मुथा है। जिस स्विमिंग पूल में हादसा हुआ, वह मीरा भाईंदर महानगरपालिका का है। इस मामले में छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इस मामले में नवघर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठेकेदार समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**ट्रस्ट पर फर्जीवाड़े का मामला दर्ज**



नारायण सुभाष नायक, हिंगोला सीमांचल नायक, प्रथमेश मोहन कदम, अर्जुन लक्ष्मण कदम, साहस चैरिटेबल ट्रस्ट के ठेकेदार और प्रबंधन वर्ग अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्रन्थ मुथा ने अपने दोस्त के साथ एक स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने के लिए 15 दिन के समर कैंप में एडमिशन लिया था,उनकी सात दिन की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी थी।

**कार्रवाई की मांग तेज**

शहर में मनपा प्रशासन एवं स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के ठेकेदार के प्रति आक्रोश दिखाई पड़ रहा है। इस घटना के बाद भाजपा 145 मीरा-भायंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास ने स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के ठेकेदार का करार खत्म करके इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की जिम्मेदारी मनपा के हाथों में लेने की मांग की है। इन्होंने आरोप लगाया की अगर यहां पर ठेकेदार द्वारा नियुक्त लाइफगार्ड अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाते तो इस मासूम बच्चे की जान नहीं जाती। मिरा - भायंदर कांग्रेस सोशल मीडिया कमिटी के जिला अध्यक्ष दीपक बागडी ने इस मामले में मनपा ठेकेदार के अलावा मनपा उपायुक्त एवं स्पोर्टस विभाग की इंचार्ज कल्पिता पिंपले पर भी मामला दर्ज करने एवं उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की है। इन्होंने मनपा आयुक्त के अलावा ह्यूमन राइट्स कमिश्नर एवं चाइल्ड वेलफेयर कमिटी को भी पत्र द्वारा इस मामले में कार्रवाई की मांग की है ।

# सुप्रीम कोर्ट की क्या सीमा है!

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने देश के सर्वाच्च पद राष्ट्रपति को भी समय सीमा देते हुए निर्देश जारी किया था। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका पर फिर से निशाना साधा है और कहा कि वह अपने अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़कर विधायिका के मामले में हस्तक्षेप कर रही है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक 'परमाणु मिसाइल' बन गया है जो न्यायपालिका के पास 24 घंटे उपलब्ध होता है। उपराष्ट्रपति का बयान ऐसे समय में आया है, जब संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित वक्फ अधिनियम के कुछ प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई और उसे रोकने की बात कही। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, 'हाल ही में एक निर्णय के माध्यम से राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है। हम कहाँ जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमने लोकतंत्र के लिए इस दिन की कभी उम्मीद नहीं की थी। हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएँगे, कार्यकारी कार्य करेंगे, सुपर-संसद के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।' उपराष्ट्रपति ने आगे कहा, 'हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहाँ आप (सुप्रीम कोर्ट) भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें। वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है।' उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 145(3) के अनुसार किसी महत्वपूर्ण संवैधानिक मुद्दे पर कम-से-कम 5 न्यायाधीशों वाली पीठ द्वारा निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पाँच न्यायाधीशों वाली पीठों का निर्णय निर्धारित किया गया था, तब सर्वाच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी। धनखड़ ने बिल के संबंधित मामले को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति के खिलाफ निर्णय दो न्यायाधीशों वाली पीठ द्वारा दिया गया था। अब सर्वाच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि संविधान पीठ में न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या बढ़ाने के लिए अनुच्छेद 145(3) में संशोधन करने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा के प्रशिक्षुओं के छठे बैच को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को बिल पर तीन महीने में निर्णय लेने का निर्देश दिया गया है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो संबंधित राज्यपाल द्वारा भेजा गया विधेयक कानून बन जाता है। न्यायपालिका की वर्तमान हालात पर बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने न्यायाधीश यशवंत वर्मा का भी जिक्र किया। ये वही जज हैं, जिनके घर पर इस साल होली के दिन नोटों से भरे बोरों में आग लग गई थी। मामले में भारी विवाद के बाद भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन्हें दिल्ली से इलाहाबाद हाई कोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया और मामले की जाँच के लिए आंतरिक कमिटी बना दी गई। धनखड़ ने कहा, '14 और 15 मार्च की रात को नई दिल्ली में एक न्यायाधीश के निवास पर एक घटना घटी। सात दिनों तक किसी को इसके बारे में पता नहीं चला। हमें खुद से सवाल पूछने होंगे। इसमें हुई देरी को क्या समझा जा सकता है? क्या यह क्षमा योग्य है? क्या इससे कुछ बुनियादी सवाल नहीं उठते? किसी भी सामान्य स्थिति में और सामान्य परिस्थितियाँ कानून के शासन को परिभाषित करती हैं।' संविधान के अनुच्छेद 142 में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और डिक्री को देने का अधिकार और उसे लागू करने आदि से संबंधित है। अनुच्छेद 142 के उपबंध-1 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि उसके पास आए किसी भी मामले में वह न्याय के लिए डिक्री या आदेश पारित कर सकेगा। यह डिक्री या आदेश पूरे भारत में लागू होगा। इसके उपबंध-2 में कहा गया है कि इस संबंध में संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून के अधीन रहते हुए सुप्रीम कोर्ट पूरे भारत के किसी भी क्षेत्र के किसी व्यक्ति को हाजिर होने, दस्तावेज प्रस्तुत करने, अवमानना की जाँच करने या दंड देने का समस्त अधिकार उसके पास होगा। इस तरह अनुच्छेद 142 में स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट को संसद द्वारा पारित कानून के दायरे में ही काम करना है। क्या सुप्रीम कोर्ट भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति को निर्देश सकते हैं या नहीं। अगर वरीयता क्रम की बात की जाए तो राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च पद है। राष्ट्रपति को भारत का पहला नागरिक कहा जाता है। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति और संसद को मिलाकर ही भारत बनता है और वह संघ के प्रशासन का प्रमुख होता है। इसी प्रशासन का एक अंग न्यायपालिका भी है। इस तरह देश का सर्वोच्च पद राष्ट्रपति का होता है। भारत में राष्ट्रपति और राज्यपाल ही ऐसे दो पद हैं जिनके खिलाफ अदालती कार्रवाई नहीं की जा सकती है। भारत के संविधान ने अनुच्छेद 361 के तहत इसका प्रावधान किया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के खिलाफ अदालती कार्यवाही से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ना तो इन दोनों को किसी मामले में नोटिस जारी कर सकता है और ना ही निर्देश दे सकता है। राष्ट्रपति के बाद देश में दूसरा सर्वाच्च पद उपराष्ट्रपति का होता है। इसके बाद तीसरे नंबर पर प्रधानमंत्री आते हैं। देश का चौथा सर्वाच्च पद राज्यपाल का होता है जो उनके कार्य वाले राज्यों में होता है। इसके बाद वरीयता क्रम में पाँचवें स्थान पर पूर्व राष्ट्रपति आते हैं। इसके बाद भारत के उपप्रधानमंत्री का पद वरीयता क्रम में 5। स्थान पर आता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और लोकसभा स्पीकर का पद एक समान होता है। दोनों वरीयता क्रम में छठे नंबर पर आते हैं। इसके बाद सातवें नंबर पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री अपने राज्यों में होते हैं। योजना आयोग के उपाध्यक्ष, पूर्व प्रधानमंत्री, राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष के नेता भी सातवें क्रम पर ही आते हैं। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति का क्रम 7। होता है। आठवें क्रम में राजदूत, भारत द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रमंडल देशों के आयुक्त, अपने राज्य के बाहर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल होते हैं। नौवें क्रम पर सुप्रीम कोर्ट के आते हैं। इसके बाद 9 पर संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, मुख्य चुनाव आयुक्त और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) आते हैं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*बेशर्मी की हद किया, सठ कश्यप अनुराग*
*परशुराम के वंशजों, जाग सको तो जाग*
*जाग सको तो जाग, डॉग को यूं समजाएं*
*करणी सेना जैसे ही औकात बताएं*
*कह सुरेश ये जहां मिले इनको लतियाओ*
*फिर इसको ब्राहमण की परिभाषा समझाओ*

# पश्चिम बंगाल : नए वक्फ कानून पर बवाल

> देश और दुनिया में अपनी अनेक विशेषताओं के कारण चर्चित पश्चिम बंगाल आज एक बार फिर से चर्चा में है लेकिन इस बार चर्चा बंगाल में नए वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा तथा इस हिंसा में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने को लेकर है। पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद में सड़के सुनसान तथा दुकान और प्रतिष्ठान बंद हैं।



अमेरिका के शिकागो में सन् 1893 में विश्व धर्म महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वामी विवेकानंद का बंगाल। कला और साहित्य क्षेत्र में गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर, सत्यजीत रे और मृणाल सेन का बंगाल, स्वाधीनता आंदोलन के प्रणेता नेताजी सुभाष चंद बोस का बंगाल और जगत जननी मां दुर्गा की पूजा तथा स्तुति का बंगाल, देश और दुनिया में अपनी अनेक विशेषताओं के कारण चर्चित पश्चिम बंगाल आज एक बार फिर से चर्चा में है लेकिन इस बार चर्चा बंगाल में नए वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा तथा इस हिंसा में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने को लेकर है। पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद में सड़के सुनसान तथा दुकान और प्रतिष्ठान बंद हैं। हालात ऐसे हैं कि हिंसा प्रभावित इलाकों में इंटरनेट नहीं चल रहा है तथा केंद्रीय सुरक्षा बल सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं। शासन और सरकार की कोशिश यहां शांति बहाल करने की है। देश की संसद द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 1995 को पारित करने तथा राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू द्वारा इसे कानून के रूप में नोटिफाई करने के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई। इस जिले के हिंसा प्रभावित इलाकों मुख्य रूप से सुती, शमशेरगंज, धुलियान और जंगीपुर में फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण सी है लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है ओर हिंसाग्रस्त इलाकों में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। हिंसा के इस मामले में पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे को साज़िशन दोषी करार दे रहे हैं। उधर, बीते दो दिन से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा मालदा एवं मुर्शिदाबाद में हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा तथा पीड़ितों से मिलकर उन्हें "न्याय" दिलाने के ऐलान के बाद पश्चिम बंगाल में यह कयास शुरू हो गए हैं कि कहीं पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन तो नहीं लगेगा? पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा इस मौके पर मीडिया में यह बयान भी दिया गया कि सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीड़ितों ने उन्हें बताया है कि वे क्या चाहते है? इस संबंध में सभी संवैधानिक विकल्प खुले हुए हैं तथा वे केंद्र को अपनी रिपोर्ट सोपेंगे। उधर राज्यपाल के दौरे के मामले में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को भाजपा का एजेंट करार देते हुए उनके दौरे को गैर जरूरी बताया है। इस मामले में हो रही राजनीति का आलम यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा पर हिंसा के जरिए उनकी सरकार को अस्थिर करने के आरोप लगा चुकी है। वहीँ, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का कहना है कि ममता बनर्जी ने मुस्लिम तुस्तीकरण की खातिर नए वक्फ कानून पर दंगाइयों को खुली छूट दे रखी है। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि बंगाल के पुलिस अधिकारी राज्य के पुलिस अधिकारी के बजाय वे ममता बनर्जी के कैडर हैं। इसलिए बिना राष्ट्रपति शासन के बंगाल में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव नहीं हो सकता है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जहां हिन्दू 50 प्रतिशत से कम हैं, वहां ये लोग हिन्दुओं को वोट डालने नहीं देंगे। इसलिए चुनाव आयोग बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करे। उधर,नए वक्फ कानून पर मुसलमानों के विरोध के चलते मालदा एवं मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को रोकने में पश्चिम बंगाल सरकार के नाकाम पाए जाने पर हाईकोर्ट ने वहां केंद्रीय वालों की तैनाती कर दी है। केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बाद में हिंसाग्रस्त इलाकों में सामान्य जनजीवन फिर से पटरी पर लौट रहा है। हाई कोर्ट केस कदम के बाद भी पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के कयास लग रहे हैं। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम ( अफस्पा ) लागू करने की आवश्यकता जताई जा रही है। कानूनी जानकारों के मुताबिक वर्ष 1958 में भारत की संसद का एक अधिनियम है जो भारतीय सशस्त्र बलों को "अशांत क्षेत्रों" में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष शक्तियां प्रदान करता है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि सीमावर्ती जिलों में इस व्यवस्था को लागू करने से घुसपैठ पर रोक लगेगी तथा पश्चिम बंगाल में शांति कायम हो सकेगी। वर्ष 2026 की पहली तिमाही यानी मार्च और अप्रैल में पश्चिम बंगाल की सभी 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव प्रस्तावित है। इस बार भी यह माना जा रहा है कि चुनावी मुकाबला परंपरागत तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच ही होगा। तृणमूल कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन के अन्य दल भी रहेंगे जबकि भाजपा अकेले ही चुनावी समर में उतरेगी। पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने की कोशिश में भाजपा लगातार लगी हुई है। इसी कोशिश के बूते पर भाजपा 2021 में पहली बार बंगाल में विपक्षी पार्टी बनी थी। अब वह वर्ष 2026 में तृणमूल कांग्रेस को कांटे की टक्कर देने की कवायद में है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करना भाजपा के लिए इतना आसान नहीं होगा। ऐसे में हरियाणा,महाराष्ट्र और दिल्ली की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बंगाल में भी भाजपा की राजनीतिक "ढाल" बनने की कोशिश कर रहा है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद भाजपा ने अगर तृणमूल कांग्रेस के वोट बैंक में अगर 4 से 5 प्रतिशत की सेंध भी लगा दी, तो यह 2026 के चुनाव में भाजपा के लिहाज से गेम चेंजर साबित हो सकता है। वहीं मामले में राज्य पुलिस ने मुर्शिदाबाद के डीआईजी सैयद वकार रजा के नेतृत्व में 11 सदस्यों वाली SIT भी बनाई है। जो जिले में इस और अन्य हिंसा के मामलों की जांच करेगी। दंगों के सिलसिले में अब तक जिले भर में 278 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले चार दिनों में हिंसा की कोई नई घटना सामने नहीं आई है।

**- प्रदीप कुमार वर्मा**

# पाक की हालत अब टुकड़े-टुकड़े होने तक पहुंची



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में जनाक्रोश लगातार बढ़ रहा है। यह क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार की कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए हैं। वर्तमान में, लोग सरकार से बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य बुनियादी जरूरतों की बहाली की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं, और विरोध करने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लोग गर्मी के बावजूद अपनी आवाज उठाने के लिए सड़कों पर हैं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों कह रहे हैं कि पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का वक्त आ गया है। दरअसल पाकिस्तान के टूटने की शुरुआत साल 1971 में हो गई थी, जब भारत की मदद से बांग्लादेश बना। इसके बनने के पीछे भी 24 सालों का असंतोष था। उसके बाद पीओके सिंधुदेश की मांग व बलूचिस्तान की मांग ने पाकिस्तान के नाक में दम कर रखा है। सिंधुदेश की मांग की तो इसको लेकर हालिया हुई रैली में प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई विश्व के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शनकारियों ने सिंध प्रांत को अलग देश बनाने की मांग के मामले में विश्व के नेताओं से दखल देने की अपील की है ।सिंधु देश की मांग की कहानी 1947 से जुड़ी है। भारत को आजादी मिलने के बाद सिंधु क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया और पाकिस्तान के चार प्रांतों में से एक बन गया। अलग सिंधु देश की मांग 1967 से शुरू हुई जब पाकिस्तान सरकार ने यहां के निवासियों के ऊपर उर्दू भाषा थोप दी। यहां के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके फलस्वरूप सिंधी अस्मिता का जन्म हुआ। इन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति की दुहाई दी और लोगों को एकजुट किया. इस मुहिम में सिंधी हिन्दू और सिंधी मुसलमान दोनों शामिल हुए। 'सिंधु देश' जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं। यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है। उसी तरह सिंधी पाकिस्तान के अंदर एक निश्चित भूभाग में अपने लिए एक स्वतंत्र और सार्वभौम मातृभूमि चाहते हैं। भारत से अलग होकर 19 47 में बने पाकिस्तान के लिए समस्याएं कभी खत्म होने का नाम नहीं लेती हैं। दुनियाभर के कर्ज में डूबे पाकिस्तान में अगर आपको आने वाले कुछ वर्षों में गृहयुद्ध की स्थिति बनती दिखाई दे, तो चौंकने वाली बात नहीं होगी। उर्दू को पाकिस्तान की सरकारी भाषा बनाने की घोषणा के साथ ही पाकिस्तान में अलगाववाद के बीज पनपने लगे थे। लोगों पर जबरदस्ती उर्दू भाषा थोपी गई। बांग्लाभाषी बहुल पूर्वी पाकिस्तान इसी फैसले के चलते अब अलग देश बनकर बांग्लादेश के रूप में आपके सामने है। वहीं, पाकिस्तान में अगस्त, 1947 के बाद से अब तक बनी सभी सरकारों ने मानवाधिकारों को एक अलग खूंटी पर टांग दिया। बात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हो या बलूचिस्तान या फिर सिंधु प्रांत की। पाकिस्तानी सरकारों ने इन सभी जगहों से उठने वाली आवाजों का वर्षों से दमन किया है ।पाकिस्तानी फौज के बलूचिस्तान में किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट करीमा बलोच की कनाडा में हुई हत्या इसका एक ताजा उदाहरण है। फिलहाल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीड़न से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है. वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी। इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था। दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था। हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है. ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था। अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करता है। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज़ के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है। हम आज भी बहुलतावादी, सहिष्णु और सौहार्दपूर्ण समाज हैं, जो मानव सभ्यता को बचाकर रखे हुए है। पाकिस्तान के निर्माण के बाद से ही बलूचिस्तान, गिलगित और पाक अधिकृत कश्मीर में असंतोष बढ़ने लगा था। पाकिस्तानी हुकूमत पर पंजाबी वर्ग के वर्चस्व से लेकर मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पाक के नापाक इरादों की एक लंबी दास्तान है।

**- अशोक भाटिया**

# 'कानून का राज'

देश की न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास बहुत गहरा होता है। जब सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं, तब इंसान न्यायपालिका की ओर देखता है, एक अंतिम उम्मीद के साथ लेकिन जब उसी संस्था पर सवाल खड़े होने लगेंगे तो सोचिए, आम आदमी का भरोसा कहां जाकर टिकेगा? हाल ही में कुछ जजों के घर से जले हुए नोट मिलने की दुखद खबर आई। यह खबर कोई मामूली मामला नहीं है। इससे जो संकेत मिलते हैं, वो देश की न्यायिक व्यवस्था के लिए शुभ नहीं हैं। इस मुद्दे पर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जो सवाल उठाया है कि 'कोई व्यक्ति कानून से ऊपर कैसे हो सकता है?' ये सवाल देखने में जितना सीधा है, उतना ही गहरा और जरूरी भी। आज देश के आम आदमी के सामने एक बड़ा सवाल आ गया है कि जब न्याय की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति ही कानून को तोड़ता दिखे तो फिर कौन करेगा उसका इंसाफ? जज, जिसके ऊपर देश की न्यायिक व्यवस्था को संभालने की जवाबदेही है, अगर उन्हीं के ऊपर ऐसा आरोप लगने लगे तो यह अपने आप में काफी चिंताजनक है। अगर व्यवस्था को बचनी है तो जो भी गलत है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, चाहे वह कितने ही ऊंचे पद पर क्यों न हो। हमें किताबों में हमेशा से यह पढ़ाया जाता रहा है कि हमारे देश के संबिधान में कानून सबसे ऊपर होता है लेकिन हकीकत तब बदलती हुई दिखने लगती है, जब कोई ऊंचा ओहदा वाला व्यक्ति सवालों के घेरे में आता है और जांच ही ठंडे बस्ते में चली जाती है। हमारे देश के उपराष्ट्रपति का यह कहना कि कानून से बड़ा कोई नहीं है, सिर्फ औपचारिक बयान नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है। हमारे देश को ऐसी न्याय व्यवस्था चाहिए जिसमें पारदर्शिता हो, जवाबदेही हो और लोगों को भरोसा हो। अब वक्त आ गया है कि जजों की भी संपत्ति सार्वजनिक हो, शिकायतों की जांच हो, और अगर कोई गलत पाया जाए, तो उसके खिलाफ भी उसी सख्ती से कार्रवाई हो, जैसी एक आम आदमी के खिलाफ होती है। देश की सबसे ताकतवर संस्थाओं में से एक है न्यायपालिका। अगर वहीं से भरोसा डगमगाने लगे, तो देश के लोकतंत्र की नींव ही हिलने लगती है। इसलिए इस मामले में सच्चाई सामने लाना और दोषियों पर कार्रवाई करना बेहद जरूरी है ताकि ये साफ हो जाए कि यहां कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हर संस्था, विशेषकर न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही का होना अब समय कि मांग है। अगर न्यायपालिका अपने अंदर की सफाई खुद नहीं करेगी, तो उस पर लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कमजोर होता जाएगा। ऐसे में यह जरूरी है कि जजों की नियुक्ति, आचरण और कार्यप्रणाली पर निगरानी के लिए स्वतंत्र और प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। आज देश के उपराष्ट्रपति ने जो साहस के साथ चिंता जतायी है, यह सवाल अभी पूरे देश के आम लोगों के बीच घूम रहा है जिसे समय रहते गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति 'जनता' होती है और जनता का विश्वास तभी तक बना रह सकता है जब देश का हर एक नागरिक चाहे वो छोटा हो या बड़ा, कानून के समक्ष सभी बराबर दिखे। इसलिए, अब समय आ गया है कि 'कानून का राज' केवल किताबों में न रह जाए।

**- अशोक कुमार झा**

आज का कार्टून

साभार




# समाज की बदलती मनोदशा



भारतीय समाज में दो प्रकार की स्थितियों की बात होती है, एक खुला समाज और दूसरा बंद समाज। जब हम इस खुले और बंद समाज की बात करते हैं तो हमारे सामने ग्रामीण और शहरी जीवन दिखाई देता है। इन दोनों ही जीवन में जमीन-आसमान का अंतर है। शहरी जीवन स्वार्थ की दहलीज पर खड़ा दिखाइए देता है. सभी कुछ भागम भाग है। कोई किसी के पास खड़ा नहीं हो सकता, किसी को किसी से कोई मतलब नहीं। यह बात सभी पर लागू नहीं होती लेकिन दिखाई तो यही देता है। ग्रामीण जीवन इससे बिल्कुल अलग है। विचारक यह भी मानते हैं कि मनुष्य के चरित्र का दर्पण गांव है। आज भी शादी के समय व्यक्ति से उसके मूल गांव की बात जानी जाती है। साथ ही शादी के बाद ग्राम देवता का पूजन भी किया जाता है। व्यक्ति ना चाहते हुए भी गांव की मिट्टी से जुड़ा ही रहता है। रामायण में भी लिखा गया है कि, जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। अर्थात माँ और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान हैं। ग्रामीण जीवन निस्वार्थ भाव से लोगों के साथ जुड़ जाता है। सुख-दुख में ग्रामीण जीवन एक दूसरे के साथ खड़ा दिखाई देता है। ग्रामीण जीवन में एक ही बात लोगों के मुंह से सुनाई देती है साथ क्या जाना है? अच्छाई या बुराई। कहने का भाव है कि समाज में अच्छाई करोगे तो लोग आपको अच्छा ही कहेंगे वरना बुरा करने वाले के साथ तो बुराई ही जाती है। अब इस अच्छाई और बुराई को जाँचने तथा मापने का पैमाना क्या है? मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और जो काम समाज की दृष्टि से अच्छा है, वह अच्छाई और बुरा है तो वह बुराई है। इसके लिए किसी प्रमाण पत्र या संवैधानिक प्रक्रिया की जरूरत नहीं है, यह तो समाज के अंदर ही चलने वाला सत्य है। वर्तमान बदलते आधुनिक समाज ने इन सभी तथ्यों को तरोड़-मरोड़ दिया है। आधुनिकता से घिरा समाज अच्छाई-बुराई की बात कम, अपनी स्वतंत्रता, अहम् भाव, परंपराओं को तोड़ना आदि में विश्वास रखने लगा है। इस तरोड़-मरोड़ की मानसिकता ने घरों को भी तोड़ दिया है। साथ ही समाज और रिश्तों को तार-तार कर दिया है। अब किस पर विश्वास करें और किस पर नहीं, लोग सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। एक दृष्टिकोण यह भी है कि ग्रामीण समाज में बुराई के प्रति कड़ा कदम उठाया जाता था अर्थात बुराई करने वाले को समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था। ग्रामीण जीवन में किसी ने कोई गलत काम किया भी है तो लोग उसकी गलत बात कहने, बात बताने से बचते रहे हैं। जब समाज में आपका नाम ही नहीं है तो व्यक्ति की सामाजिक मृत्यु है। यह भी सत्य है की बुराई तेजी से फैलती है। वर्तमान में पारिवारिक रिश्तों को लेकर कुछ जघन्य घटनाएं समाज जीवन में उभर कर आ रहे हैं, जिसमें प्रेमी-प्रेमिका, पति-पत्नी, सास-दामाद आदि उनके अवैध संबंध तथा हत्या के समाचार लोगों के दिल को दहला देते हैं। कुछ वीडियो तो वायरल हो रहे हैं। लोगों में भय का माहौल भी बन जाता है। घंटो-घंटो ऐसी समस्याओं पर चर्चा समाचारों में सुनाई दे जाती है। बार-बार इन्हीं को दिखाया जाता है। समाज में इन बातों का क्या प्रभाव पड़ता है, यह तो देखने-सुनने वाले के ऊपर निर्भर करता है लेकिन यहां एक बात जरूर दिखाई देती है कि अच्छाई से अधिक बुराई तेजी से फैल रही है। रिश्तों को निभाना, उनसे बंधे रहना, उनके प्रति समर्पण का भाव ही जीवन है। सृष्टि में मनुष्य ऐसा जीव है जो अपनी पारिवारिक जीवन शैली को जीने के लिए तैयार है। कुछ एक अपवादियों को छोड़कर। हमेशा अच्छे लोगों के साथ काम करो, अच्छे लोगों का साथ करें, अच्छा-अच्छा सोच और समाज में अच्छा-अच्छा करें।

**- डॉ. नीरज भारद्वाज**

## अखिलेश के दावे पर केशव का पलटवार

# साथ-साथ लड़ें या अलग-अलग, फिर खिलेगा कमल!



महानगर संवाददाता
लखनऊ

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन जारी रहेगा। यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में 'पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) राज्य से भाजपा को उखाड़ फेंकेगा।' जब उनसे 'इंडिया' गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया, ''इंडिया' गठबंधन (मौजूद) है और रहेगा।' उनके इस बयान पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि सपा, बसपा, कांग्रेस चाहे साथ-साथ लड़ें या अलग-अलग, खिला था कमल, फिर खिलेगा कमल! भाजपा 2027 में 2017 दोहराएगी — फिर एक बार 300 पार! न दंगा, न माफिया राज, न गुंडाराज, न भ्रष्टाचार — तीसरी बार, प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार!

उन्होंने कहा, 'भाजपा वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है ताकि वह जमीन छीन सके। जहां भी उन्हें जमीन दिखती है, वे उस पर कब्जा कर लेते हैं।' उन्होंने भाजपा को 'भू-माफिया पार्टी' करार दिया। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी पर नोटबंदी और जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के जरिए लोगों का पैसा छीनने और आरक्षण के अधिकार को कम करने का आरोप लगाया। यादव ने प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन के संबंध में भाजपा की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की तथा वादा किया कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो 'कुप्रबंधन' की जांच कराई जाएगी। सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने घटना के दौरान हताहतों की संख्या और वित्तीय लाभ के बारे में गलत आंकड़े दिए, और आरोप लगाया कि जनवरी में भगदड़ के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी विफल रही। यादव ने दावा किया, "जिस समय (भगदड़ के समय) ड्रोन और सीसीटीवी की सबसे अधिक जरूरत थी, उस समय ये या तो बंद थे या बंद करा दिए गए थे। इन्होंने संगम नोज पर भगदड़ में मारे गए लोगों की सही संख्या नहीं बताई और मृत्यु के कारण बदलने के लिए परिजनों पर दबाव बनाया।" राणा सांगा पर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा, "जो इतिहास एक दूसरे को ऊंच- नीचा दिखाए, जो इतिहास हमारी प्रगति को रोकता हो, उस इतिहास को इतिहास ही रहने देना चाहिए।"




## इसी सप्ताह घोषित होगा यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम इसी सप्ताह घोषित होगा। अंकपत्र सह प्रमाणपत्र पर रोल नंबर के अनुसार परीक्षार्थियों के प्राप्तांक चढ़ाने का काम पूरा हो चुका है। जिन परीक्षार्थियों के किसी विषय के अंक नहीं मिल रहे थे उनका मिलान भी हो चुका है। बोर्ड परीक्षार्थियों के संशोधित विवरण भी अपडेट किए जा चुके हैं। अब बोर्ड के अधिकारी परिणाम को अंतिम रूप देने में जुटे हैं और 25 या 26 अप्रैल को परिणाम जारी हो सकता है। हालांकि बोर्ड ने अब तक परिणाम घोषित होने की अधिकृत सूचना नहीं दी है। बोर्ड की 10वीं-12वीं की तकरीबन तीन करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन दो अप्रैल को पूरा हुआ था। 24 फरवरी से 12 मार्च तक संपन्न परीक्षा में पिछले पांच साल में सबसे कम विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ी थी। इस साल 5437233 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 302508 (5.56 प्रतिशत) अनुपस्थित रहे। पिछले साल 2024 की 10वीं-12वीं परीक्षा में पंजीकृत 5525342 परीक्षार्थियों में से 323166 (5.84 फीसदी) गैरहाजिर थे।

# 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव के लिए मायावती ने बनाया प्लान



### सपा, कांग्रेस और BJP की नींद!

महानगर संवाददाता
लखनऊ

अपने लगातार गिरते जनाधार से बेचैन बहुजन समाज पार्टी (BSP) नेतृत्व ने 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से जुड़ने के लिए अपने सफल 'भाईचारा' प्रयोग को फिर दोहराने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। 'भाईचारा' एक प्रयोग था जो 2007 के चुनावों से पहले किया गया था। इसी प्रयोग के तहत राज्य की 403 विधानसभाओं में भाईचारा समितियां बनाई जाएंगी और ओबीसी के 100 लोगों से संपर्क साधा जाएगा। ये 100 लोग बूथ स्तर पर पार्टी के दूत के रूप में काम करेंगे।

### सपा के दांव को जवाब?

इन ओबीसी भाईचारा समितियों के जरिए पार्टी अपने बिखरे हुए ग्रामीण वोट बैंक को जोड़ना चाहती है और समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) के दांव का जवाब भी तलाशना चाहती है। बहुजन समाज पार्टी (BSP) के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा, 'BSP ने प्रदेश के सभी जिलों में ओबीसी भाईचारा समितियां गठित की हैं। प्रत्येक जिले में दो संगठनात्मक संयोजक नियुक्त किए गए हैं। जिला अध्यक्ष और प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।'

### ग्रामीण क्षेत्रों में BSP की नीतियों को फैलाने का काम शुरू

उनका कहना है कि इन जिला अध्यक्षों और प्रभारियों में एक दलित समुदाय से है और दूसरा ओबीसी से है। ये पदाधिकारी अब प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में ओबीसी भाईचारा समितियां बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ' ये पदाधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों के बीच जा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में BSP की नीतियों को फैलाने का काम शुरू कर दिया है। ताकि ओबीसी समाज और अन्य गरीब व अल्पसंख्यक समाज के लोग भी इन भाईचारा समिति से जुड़ सकें और आगामी 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में BSP 2007 की तरह फिर से सत्ता हासिल कर सके।'

### सपा के रास्ते पर बीएसपी?

उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रभारी हर गांव में ओबीसी वर्ग के 100 लोगों का समूह बनाएंगे और उन्हें पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों की जानकारी देकर प्रशिक्षित कार्यकर्ता बनाएंगे. प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को पार्टी का सक्रिय सदस्य भी बनाया जाएगा. BSP प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के अभियान के दौरान गांव-गांव में लोगों को कांग्रेस, भाजपा और सपा की दलित विरोधी नीतियों के साथ-साथ उनके द्वारा लगातार किए जा रहे छल-कपट के बारे में जागरुक किया जा रहा है.

### मृतक का भाई एक केस में है फरार

यह पूछे जाने पर कि क्या यह समाजवादी पार्टी के पीडीए फॉर्मूले से प्रेरित है, पाल ने कहा, ' एसपी पीडीए के नाम पर ओबीसी समुदाय को बेवकूफ बना रही है. एसपी के पीडीए का मतलब है 'परिवार विकास प्राधिकरण' पीडीए एसपी द्वारा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के लिए दिया गया एक संक्षिप्त नाम है. उन्होंने आरोप लगाया, ' यादव समुदाय की ओबीसी में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है, लेकिन सपा ने लोकसभा चुनाव में परिवार के सदस्यों को छोड़कर यादव समुदाय के किसी भी व्यक्ति को पार्टी का टिकट नहीं दिया. यादव समुदाय भारी संख्या में समाजवादी पार्टी को वोट देता है, लेकिन जब टिकट की बात आती है तो सपा प्रमुख को केवल पत्नी, भाई और भतीजे दिखाई देते हैं।'

## गैस सिलिंडर फटने से फैक्टरी में लगी आग, कई श्रमिक झुलसे



**मेरठ।** मेरठ के भावनपुर में गैस सिलिंडर फटने से हादसा हो गया। बताया गया कि यहां जयभीमनगर में धमाके के साथ सिलिंडर फटने से फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने से कई श्रमिक झुलस गए। कई श्रमिकों के कपड़ों के चीथड़े उड़ गए। झुलसी अवस्था में तड़पते हुए वे बाहर की ओर भागे। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है। राहत व बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार भावनपुर थाना के जयभीम नगर भोपाल संजय विहार में यह हादसा हुआ है। यहां सुमित गुप्ता पुत्र महावीर प्रसाद की फेन बॉक्स बनाने की फैक्टरी में गेस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। आग की चपेट मे आने से सीता, कश्मीरी, जुनैद और कुलदीप गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

# राहुल गांधी के बयान पर ओपी राजभर का पलटवार

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर भड़क गए हैं। बता दें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, इन दिनों विदेश दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसे बयान दिए जो भारत में नेताओं को नगंवार गुजरे।

बता दें राहुल ने अमेरिका के बॉस्टन स्थित ब्राउन विश्वविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग की कार्यशैली को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी का भी उल्लेख किया था। राहुल के बयान पर यूपी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति अब भारत की छवि को विदेश में धूमिल करने तक सीमित रह गई है। लोकतंत्र, संसद, न्यायपालिका, जाँच एजेंसियां और हिंदू संगठनों पर बार-बार अशोभनीय टिप्पणी कर वह देश की प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंचा रहे हैं। क्या कांग्रेस और राहुल गांधी को सत्ता वियोग ने इतना विचलित कर दिया है कि इनका उद्देश्य भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते अब केवल भारत को हर मोर्चे पर कमज़ोर बताना और दिखाना रह गया है। कांग्रेस नेता राहुल के बयान पर SBSP प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि- जब-जब राहुल गांधी विदेश जाते हैं तब-तब वह भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं। भारत की बदनामी करते हैं अगर उनको तकलीफ महाराष्ट्र से है तो उनको सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। उन्हें बात यहां कहना चाहिए। लेकिन वह विदेश में जाकर भाषण दे रहे हैं.. यह एक तरह से देश की तौहीन करना है।'



### अनिल राजभर भी भड़के

उधर, योगी सरकार में मंत्री अनिल राजभर ने रायबरेली कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल गांधी विदेश जाकर देश की प्रशंसा नहीं, बल्कि अपमान करते हैं। वह न सेना की तारीफ करते हैं, न देश के सिस्टम की। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने के बावजूद वे लोकतंत्र और चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल की बातों को देश की जनता गंभीरता से नहीं लेती।

वहीं सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया. राहुल ने विदेश में छात्रों से कहा था कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण है और महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी हुई.मसूद ने कहा, राहुल जी ने सच बोला. अगर ईवीएम पर सवाल उठ रहे हैं और रिकॉर्ड नष्ट किए जा रहे हैं, तो ईवीएम हटाने चाहिए. अगर लोगों को आशंका है तो वो दूर होनी चाहिए।

## कांग्रेस नेता अलका लांबा ने भाजपा पर साधा निशाना



महानगर संवाददाता
वाराणसी

वाराणसी में कांग्रेस नेता अलका लांबा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि नेशनल हेराल्ड अंग्रेजों से लड़ाई कर रहा था, तब आरएसएस अंग्रेजों की मुखबिरी कर रही थी। नेशनल हेराल्ड अंग्रेजी में था और इसी का उर्दू संस्करण कौमी आवाज निकाला गया और हिंदी में नवजीवन निकाला गया। कहा कि नेशनल हेराल्ड में भाजपा में दम हो तो साबित करके दिखाओ काशी से पीएम को चुनौती दे रहे हैं। अब भाजपा जजों को डराने धमकाने का काम कर रही है। अलका लांबा ने कहा कि भाजपा सरकार आरएसएस की किताबों को विज्ञापन देती है, जो देश में नफरत फैलाती है। कहा कि निजी कंपनी वोडाफोन का 36 हजार करोड़ सरकार ने माफ किया। कहा कि ईडी ने पांच हजार मामले दर्ज किए और सजा सिर्फ 24 मामलों में हुई। 100 में 99 मामले में विपक्ष के खिलाफ दर्ज होते हैं। लेकिन साबित क्यों नहीं कर पाते हैं। हम इसके खिलाफ पूरे देश में सड़कों पर निकलेंगे। संविधान बचाओ देश बचाओ की रैली को निकालकर इस आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। लांबा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड ने अंग्रेजों के युद्ध में हिस्सा लिया, यह देश की धरोहर है। हम इसे बचाएंगे। अलका लांबा ने कहा कि भाजपा डरी हुई है राहुल गांधी से। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी। बंगला छीन लिया और सुरक्षा छीन ली। कोर्ट ने सब वापस किया। राहुल ने भाजपा को बहुमत से रोका है। इसी से भाजपा को बौखलाए हुए हैं। राहुल को रोकने के लिए ये सब कर रहे हैं।

## शादी से आठ दिन पहले गायब हुई दुल्हन, रिश्ता टूटा



**वाराणसी।** जिले में चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता हुई युवती को पुलिस बरामद नहीं करा सकी। नतीजतन, रविवार को बरात आने से पहले युवती के पिता ने वर पक्ष को जानकारी दी कि उनकी बेटी घर से लापता है। इसके साथ ही उन्होंने वर पक्ष से माफी मांगते हुए बरात लेकर न आने का अनुरोध किया। चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती एक ब्यूटी पॉर्लर में काम करने जाती थी। रविवार को उसकी शादी होनी थी। गत 12 अप्रैल को वह ब्यूटी पॉर्लर जाने की बात कह कर निकली और फिर घर नहीं आई। पिता ने उसकी काफी खोजबीन की और पता न लगने पर चोलापुर थाने में तहरीर दी। युवती के पिता ने बताया कि स्नातक उत्तीर्ण बेटी की शादी उन्होंने चार महीने पहले जौनपुर जिले में तय की थी। बेटी लापता हुई तो उम्मीद थी कि पुलिस उसे खोज लेगी। इसलिए शनिवार तक उन्होंने वर पक्ष को बेटी के लापता होने की जानकारी नहीं दी। रविवार की सुबह उन्होंने वर पक्ष से माफी मांगते हुए सच्चाई बता दी।

### देवरिया में मेरठ की मुस्कान जैसा कांड

## पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, सूटकेस में भरकर फेका

महानगर संवाददाता
देवरिया

देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र के पकड़ी छापर पटखौली गांव के बाहर रविवार को दिन में करीब 11 बजे एक खेत में ट्रॉली बैग में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई है, वैसे-वैसे हैरतअंगेज खुलासे होते गए हैं।

अब यह मामला मेरठ कांड के नीले ड्रम जैसा नजर आ रहा है, जिसने इस हत्याकांड की दिशा और धार दोनों बदल दिया है। पुलिस मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं उसके प्रेमी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। युवक का शव एक कत्थई रंग के ट्रॉली बैग में जिस जगह पर मिला था, वहां से एक विदेशी सिमकार्ड, विदेशी बारकोड और फोटो कॉपी बरामद किया। शव के कमर से सिर तक के हिस्से में प्लास्टिक लपेटा गया था, जो ट्रॉली बैग के भीतर था। जबकि कमर से पैर तक के हिस्से को बोरे में घुसाया गया था और यह हिस्सा ट्रॉली बैग के बाहर था। मौके पर मिले सिमकार्ड और बारकोड के आधार पर जब पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की तो वे सीधे तौर पर मेरठ में पहले घटित एक संगीन वारदात से मेल खा रहे थे। संदेह के आधार पर पुलिस मृतक के घर पहुंच गई। वहां घर की तलाशी करने पर पुलिस टीम को खून लगा एक सूटकेस पुलिस के हाथ लगा। इसके बाद पुलिस को यह समझते देर नहीं लगी कि पहले नौशाद के शव को सूटकेस में भरकर ठिकाने लगाने की साजिश की जा रही थी, लेकिन सूटकेस में शव नहीं आने पर ट्रॉली बैग का सहारा लिया गया।



## प्रदेश में अलग-अलग सड़क हादसे में 9 लोगों की मौके पर ही मौत, 2 घायल




**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में अलग-अलग हुए दो सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत,जबकि दो गंभीर घायल हुए हैं। पहला मामला प्रदेश के कुशीनगर जिले का है जहां एक कार का खतरनाक एक्सीडेंट हो गया है। एक्सीडेंट इतना खतरनाक था कि हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दो गंभीर घायल हैं। वहीं दूसरा मामला रामपुर जिले के नैनीताल रोड़ का है जहां बरात से वापस लौटते समय बाइक सवार पिता पुत्र और पुत्रवधु को भूसे से भरे ट्रक ने रौंद दिया। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब हो कि कुशीनगर का एक्सीडेंट इतना खतरनाक था कि हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, मामला नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के भुजौली चौराहे का है। यहां एक तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार की बॉडी पूरी तरह से पिचक गई। घटना में कार सवार 6 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि 2 लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी 32 जेसी 6660 नंबर की ब्रेजा कार पडरौना से खड्डा की ओर जा रही थी। कार में 8 लोग सवार थे। रामकोला थाने के रामपुर चरगहां निवासी गोपाल मद्धेशिया के लड़के विकास मद्धेशिया का विवाह था। बारात नेबुआ नौरंगिया थाने के देवगांव अमवा टोला निवासी राजेंद्र मद्धेशिया का घर जा रही थी। गोपाल मद्धेशिया की पट्टीदारी में आने वाले ओम प्रकाश मद्धेशिया की कार से हरेंद्र और योगेश्वर दोनों भाई कार से बारात जाने के लिए तैयार थे। कार में इसी गांव के रहने वाले मुकेश, रंजीत के साथ ही रिश्तेदारी में आया भीम भी सवार हो गया। ओम प्रकाश मद्धेशिया ही कार भी चला रहा था। नौरंगिया थाने के भुजौली चौराहे पर रफ्तार अधिक होने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे लगे पेड़ से जोरदार तरीके से टकरा गई। एक्सीडेंट की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बाद में गैस कटर से काटकर कार में फंसे लोगों की बाहर निकाला गया।

वहीं दूसरी घटना रामपुर में नैनीताल रोड पर बरात से वापस लौटते समय बाइक सवार पिता पुत्र और पुत्रवधु को भूसे से भरे ट्रक ने रौंद दिया। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में ले लिया। हादसे में मृत केमरी थाना क्षेत्र के सुनारखेड़ा के रहने वाले हैं।

यह हादसा बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के धावनी हसनपुर गांव के पास का है। केमरी थाना क्षेत्र के सुनारखेड़ा गांव निवासी मियां जान अपने बेटे मोहम्मद आमीन, उनकी बहू शकीना बी रविवार की रात में बिलासपुर में किसी रिश्तेदार के यहां बरात में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे तीनों लोग दो बाइकों से वापस लौट रहे थे।

# बदायूं में नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में सुनवाई टली

महानगर संवाददाता
बदायूं

जिले की एक त्वरित अदालत ने सोमवार को नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम शम्सी जामा मस्जिद मामले की अगली सुनवाई की तारीख 28 मई तय की है। इसकी वजह बताते हुए नवनियुक्त न्यायाधीश पुष्पेंद्र चौधरी ने कहा कि वे आगे की कार्यवाही से पहले मामले की पत्रावली की समीक्षा करेंगे।

हाल ही में त्वरित अदालत (फास्ट-ट्रैक कोर्ट) का कार्यभार संभालने वाले न्यायाधीश चौधरी ने दोनों पक्षों की बात सुनी और अगली सुनवाई के लिए 28 मई की तारीख तय की। उन्होंने कहा कि चूंकि उन्होंने अभी तक मामले के दस्तावेजों की समीक्षा नहीं की है, इसलिए उन्हें कोई भी बहस या निर्णय लेने से पहले फाइल को देखने के लिए समय चाहिए। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता वेद प्रकाश साहू ने बताया कि फाइल की जांच करने के बाद न्यायाधीश तय करेंगे कि बहस को फिर से शुरू किया जाए या पिछली बहस के अंत से आगे बढ़ा जाए। पिछली कई तारीखों में अदालत द्वारा बार-बार बुलाए जाने के बावजूद इंतजामिया कमेटी पक्ष के अधिवक्ता के पेश ना होने की वजह से त्वरित अदालत के तत्कालीन न्यायाधीश अमित कुमार ने मुस्लिम पक्ष को अंतिम अवसर देते हुए 11 फरवरी की तारीख तय की, किंतु अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई फिर टल गयी।



इसके बाद न्यायाधीश अमित कुमार ने 10 मार्च की तारीख दी किन्तु 10 मार्च को ख़ुद उनके अवकाश पर होने के कारण 20 मार्च की तारीख निर्धारित की गयी थी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता वेद प्रकाश साहू ने बताया कि शमसी जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता अनवर आलम ने 20 मार्च को अदालत में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया था।

# सेवा सुरक्षा बहाली के लिए प्रदेश भर के शिक्षकों ने भरी हुंकार



**लखनऊ।** सेवा सुरक्षा की बहाली के लिए सोमवार को शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश भर से इको गार्डेन में एकत्र हुए शिक्षकों ने शिक्षक सेवा सुरक्षा की धारा 12,18, एवं 21 को नए आयोग में जोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 12, 18 एवं 21 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 से निष्कासित कर दिया गया है। इन तीनों धाराओं के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में न होने से प्रदेश भर के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब से तीनों धाराएं समाप्त की गई है, प्रदेश में शिक्षकों का निलंबन और बर्खास्तगी का सिलसिला शुरू हो गया है। शिक्षक सेवा सुरक्षा के अभाव में भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि सेवा सुरक्षा प्रदान करते हुए अशासकीय माध्यमिकों का पूरी तरह राजकीयकरण किया जाए। प्रदेश संरक्षक डॉ. हरिप्रकाश यादव ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 निरसित होने के कारण सहायक अध्यापक से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति बीते डेढ़ वर्ष से बंद है और इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 प्रभावी है।

# सड़कों और नदियों के किनारों पर 7 करोड़ पौधे लगाएगी सरकार

महानगर संवाददाता
लखनऊ

प्रदेश सरकार अब सड़कों और नदियों के किनारों को हराभरा और फलदार बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। वन विभाग ने मानसून सीजन में राज्यभर में सात करोड़ पौधे लगाने की योजना तैयार की है। इनमें से 20 प्रतिशत पौधे फलदार होंगे, जैसे आम, जामुन, अमरूद, इमली, बेर, सहजन, शहतूत, आंवला, कैथा, बेल और करौंदा।

इस उद्देश्य के लिए वन विभाग खाली पड़ी सरकारी जमीनों की पहचान कर रहा है। इन स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षित किया जाएगा। विभाग का मानना है कि फलदार पौधे लगने से जहां हरियाली बढ़ेगी, वहीं आमजन को छाया और ताजे फल भी मिल सकेंगे। सरकार ने निर्देश दिया है कि इस बार पौधरोपण में कम से कम 20 प्रतिशत पौधे फलदार होने चाहिए। इसके तहत आम और जामुन की 12 से अधिक किस्में भी लगाई जाएंगी।

विभाग इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय किसानों, ग्रामवासियों और स्वयंसेवी संगठनों को सौंपेगा, ताकि पौधों का सही ढंग से संरक्षण हो सके और उनकी लंबी उम्र सुनिश्चित की जा सके। जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पौधों की गुणवत्ता और किस्मों को लेकर भी योजना बनाई गई है। ताकि प्रत्येक क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार उपयुक्त पौधे लगाए जा सकें।



### जैव विविधता को बनाए रखने में भी सहायक

यह योजना केवल हरियाली बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आमदनी के साधन भी उपलब्ध कराना है. जब यह फलदार पौधे बड़े होंगे, तो लोग इन फलों का उपभोग भी कर सकेंगे इसके अलावा, ये पौधे आने वाले वर्षों में तापमान नियंत्रित करने, वायु की गुणवत्ता सुधारने और जैव विविधता को बनाए रखने में भी सहायक होंगे. वन विभाग के अनुसार, मानसून से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी. जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं. पौधों की गुणवत्ता और किस्मों को लेकर भी योजना बनाई गई है।

## दलित बच्ची से रेप पर सपा सांसद के बिगड़े बोल, बोले ये कोई बड़ी घटना नहीं



**आगरा।** सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिया गया बयान अभी चर्चा में ही था कि अब उनका एक और बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल आगरा में 17 अप्रैल की रात दलित बच्ची के साथ हुई रेप की घटना पर कहा कि ये कोई बड़ी घटना नहीं है। उन्होंने किशोरी के साथ हुए रेप की घटना गंभीर न मानते हुए ये भी कहा कि अखिलेश यादव का यहां आना जरूरी नहीं है। उधर, उनके इस बयान के बाद योगी सरकार के मंत्री उन पर निशाना साध रहे हैं।

सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन रविवार दोपहर पार्टी पदाधिकारियों के साथ रेप पीड़ित परिवार से मुलाकात की और आधे घंटे तक उनसे बातचीत की। इसके बाद वह मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान सपा सांसद ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हालांकि सपा प्रमुख के पीड़ित परिवार से मुलाकात करने आने के सवाल पर उन्होंने कहा, "क्या बच्चों सी बातें करते हो? हमारे साथ महामंत्री समेत सारे साथी यहीं हैं। इतना बड़ा मामला नहीं है। इस परिवार की मदद जो हमसे हो सकती है, राष्ट्रीय अध्यक्ष की आवश्यकता नहीं है।

### सिविल सर्विसेज डे पर PM मोदी का नौकरशाहों को संदेश

# गरीब आपकी पहली प्राथमिकता

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



सिविल सर्विसेज डे के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के नौकरशाहों को 'नागरिक देवो भव' का मंत्र दिया। पीएम ने कहा कि बीते एक दशक में देश भारी बदलाव के दौर से गुजरा है, ऐसे में नौकरशाहों को अपने कामकाज और सेवा के तरीके में बदलाव लाना चाहिए। पीएम ने कहा कि 'हमें एक चीज हमेशा याद रखनी चाहिए कि दुनिया चाहे जितनी भी तकनीक वाली हो जाए लेकिन हमें इंसानों की बुद्धिमत्ता को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। अधिकारियों को गरीबों की आवाज को सुनना एवं उनके दर्द को महसूस करना चाहिए। उनकी समस्याएं दूर करना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जैसे 'अतिथि देवो भव' होता है वैसे ही 'नागरिक देवो भव' के मंत्र को लेकर चलना है।'
पीएम ने कहा कि 'आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे।' मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज - युवा, किसान और महिलाएं -और इसके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं और उनका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव पड़ता है। पीएम ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत धीमी गति के परिवर्तन से आगे बढ़कर अब प्रभावशाली बदलाव देख रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत शासन, पारदर्शिता और नवोन्मेष में नए मानक स्थापित कर रहा है।' उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के युग में शासन का मतलब प्रणाली का प्रबंधन करने से नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य संभावनाओं को बढ़ाना है। उन्होंने 2023 में भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि जनभागीदारी के दृष्टिकोण ने इसको लोगों के आंदोलन में बदल दिया और दुनिया ने इसे स्वीकार किया।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किया

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी और तीन बच्चों के साथ सोमवार को दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए। मंदिर के गेस्ट बुक में उन्होंने लिखा, "इस खूबसूरत जगह पर मेरा और मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।" अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि आपने बहुत ही सावधानी और सटीकता से एक सुंदर मंदिर का निर्माण किया। जेडी वेंस ने बताया कि उनके बच्चों को यह मंदिर बहुत पसंद आया। रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर के एक पुजारी ने बताया, "जेडी वेंस का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया जिसके बाद उन्होंने दर्शन किए। उनके परिवार को नक्काशीदार लकड़ी का हाथी, दिल्ली अक्षरधाम मंदिर का एक मॉडल और बच्चों की किताबें उपहार में दी गईं।" मंदिर की प्रवक्ता राधिका शुक्ला ने कहा, "जब वे अक्षरधाम मंदिर में दर्शन कर रहे थे, तो उन्हें यहां की कलाकृति, यहां दिए गए संदेश और यहां की सांस्कृतिक नक्काशी बहुत पसंद आई।"





## राहुल गांधी भारत के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते : धर्मेंद्र प्रधान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर हमला करते हुए कहा कि वे जब भी विदेश में होते हैं तो भारत और इसकी लोकतांत्रिक प्रणालियों के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते। अपने एक्स हैंडल पर भाजपा नेता लिखा - लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश की धरती से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब भी राहुल गांधी विदेश में होते हैं, वह भारत और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के प्रति अपनी नफरती सोच साझा करने से नहीं चूकते हैं। उन्होंने आगे लिखा- दरअसल, दशकों तक सत्ता पर राज करने वाले 'राजशाही' परिवार के 'युवराज' को भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं की वैश्विक स्तर पर मिल रही पहचान से चिढ़ है। यही वजह है कि वह देश और देशवासियों को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। देश ही नहीं अपितु विश्व भी हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों और उसकी विश्वसनीयता में यकीन रखता है।

**संबित पात्रा ने भी राहुल को घेरा**

वहीं राहुल गांधी के बयान का जवाब देते हुए बीजेपी नेता संबित पात्रा ने कहा कि "राहुल गांधी पहले भी ऐसा करते रहे हैं और एक बार फिर वही किया है, और हर बार राहुल अपने बयानों से भारत का अपमान करते हैं। जो लोग जमानत पर बाहर है और उनको लगता है कि विदेश की धरती पर जाकर देश के नाम को बदनाम करेंगे तो यह उनका भ्रम है। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी विदेश धरती पर जाकर भारत की महान संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर चुनाव आयोग को कंप्रोमाइजड बताते हैं। चुनावी प्रक्रिया को फर्जी करार देते हैं, और यह कहते हैं कि चुनाव आयोग ने समझौता किया था। पात्रा ने सवाल पूछा कि जिस दौरान महाराष्ट्र में चुनाव हुआ था और जिस पर राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं उसी दौरान झारखंड में भी चुनाव हुआ था, हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग से झारखंड में समझौता किया गया था क्या?

## जामनगर में वायुसेना के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, कोई हताहत नहीं



महानगर नेटवर्क

जामनगर

भारतीय वायुसेना (IAF) के एक हेलीकॉप्टर ने सोमवार को गुजरात के जामनगर जिले में एक बांध के पास आपातकालीन लैंडिंग की। हालांकि यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि हेलीकॉप्टर में कितने लोग सवार थे। पुलिस अधीक्षक प्रेमसुख डेलू ने पुष्टि की कि कोई भी घायल नहीं हुआ। स्थानीय पुलिस के अनुसार, हेलीकॉप्टर ने जामनगर वायुसेना स्टेशन से लगभग 22 किलोमीटर दूर रंगमती बांध के पास चांगा गांव के बाहरी इलाके में सुबह करीब 11 बजे आपातकालीन लैंडिंग की। डेलू ने कहा, आईएएफ हेलीकॉप्टर ने रंगमती बांध के पास कुछ समस्याओं के कारण आपातकालीन लैंडिंग की। इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और अपनी ओर से जांच शुरू की। वायुसेना ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## अब सिर्फ सीमाओं पर नहीं, साइबर और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी लड़े जा रहे हैं युद्ध : राजनाथ सिंह

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के समय में युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और मनोवैज्ञानिक मोर्चों पर भी लड़े जा रहे हैं। उन्होंने यह बात ब्रह्माकुमारीज संगठन के मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सैनिकों को सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत मानसिकता, आत्मबोध और जागरूकता से भी देश की रक्षा करनी है। सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे युद्ध का स्वरूप बदल रहा है, वैसे-वैसे सैनिकों को शारीरिक ताकत के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त होना



जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि तनाव और अनिश्चितता में काम करते हुए सैनिकों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, इसलिए उन्हें अंदर से मजबूत बनाना बहुत जरूरी है।
रक्षा मंत्री ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ध्यान, योग, सकारात्मक सोच और आत्म-संवाद से सैनिकों को मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा, "आत्म-परिवर्तन बीज है और राष्ट्र-परिवर्तन उसका फल। भारत दुनिया को यह संदेश दे सकता है कि आंतरिक और सीमाओं की सुरक्षा दोनों साथ-साथ संभव है।" राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत की संस्कृति में योग और अध्यात्म हमेशा से रहे हैं और ये मानसिक तनाव, चिंता और भावनात्मक परेशानियों से निपटने के सबसे अच्छे साधन हैं। उन्होंने कहा कि सतर्क और मानसिक रूप से मजबूत सुरक्षाकर्मी देश के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह होते हैं।

### अमित शाह को धमकी देने वाले दो गिरफ्तार

**मोगा।** आतंकी अमृतपाल के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) एक साल के लिए बढ़ा दिए जाने के मामले में फेक आईडी के माध्यम से केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू आदि बड़ी हस्तियों को धमकियां देने के मामले में मोगा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक मोगा के गांव खोटे का रहने वाला है जबकि दूसरा खन्ना का रहने वाला है। इस मामले में 25 अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया है। चार की पहचान कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीआईजी फरीदकोट अश्वनी कपूर ने बताया कि हाल ही में एक वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें शिरोमणि अकाली दल के नाम पर एक फेक आईडी बनाई गई थी।

## मोदी सरकार का एक ही लक्ष्य 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाना: निर्मला सीतारमण



महानगर नेटवर्क

सेन फ्रांसिस्को

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार का मुख्य लक्ष्य 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' में बदलना है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उभरते क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सीतारमण ने अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में कहा कि भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान भी राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों का पालन किया था और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद राजकोषीय अपव्यय पर नियंत्रण रखा था।
वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सीतारमण के हवाले से कहा, "कोविड-19 महामारी के दौरान हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया था। लेकिन 2021 में, हमने स्पष्ट संकेत दिया कि हम अपने राजकोषीय घाटे को कैसे प्रबंधित करना चाहते हैं। हमने सालाना लक्ष्य बनाए और 2026 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम हर साल बिना चूके इसी का पालन कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से काम कर रही है। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार का प्राथमिक ध्यान 2047 तक 'विकसित भारत' पर है और प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि इसे चार मुख्य वर्गों - महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों पर ध्यान देकर हासिल किया जा सकता है।"
उन्होंने कहा कि भारत का ध्यान 'उभरते क्षेत्रों' पर भी है, जो हमारी क्षमता निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं तथा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) जैसे क्षेत्रों पर भी है, जहां भारत वैश्विक अगुवा के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत के लिए हर अवसर खोलने के लिए सुशासन को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं, चाहे वह नई प्रौद्योगिकी हो, कौशल, उद्यमिता, नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिबद्धताएं हों और उन्हें समय के भीतर पूरा किया जा रहा है।

## SpaDeX मिशन में ISRO ने रचा इतिहास

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन के तहत दूसरी बार दो उपग्रहों की डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी।
अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कई रॉकेट या अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। यह तकनीक दो या उससे अधिक अंतरिक्ष यान को एक साथ जोड़कर या कक्षा में साथ लाकर एक बड़ी संरचना बनाने और सामान की आपूर्ति करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। इससे भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4



अभियान का संचालन करने में मदद मिलेगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''इसरो स्पेडेक्स अपडेट : यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।'' इसरो ने पिछले साल 30 दिसंबर को स्पेडेक्स मिशन शुरू किया था और अंतरिक्ष में डॉकिंग संबंधी प्रयोग के लिए दो उपग्रह-एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था।

### दिसंबर 2024 में मिशन की हुई थी शुरुआत

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, 'जैसा कि पहले सूचित किया गया है, पीएसएलवी-सी60/स्पेडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक शुरू किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर सफलतापूर्वक डॉक और 13 मार्च 2025 को सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर सफलतापूर्वक अनडॉक (उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया) किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है।' अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अंतरिक्ष में डॉकिंग संबंधी प्रयोग करने वाला चौथा देश है।

## महादेव बेटिंग ऐप केस में ED का एक्शन

### देशभर में छापेमारी कर अरबों की संपत्ति की फ्रीज




**रायपुर।** ईडी की रायपुर जोनल टीम ने 16 अप्रैल 2025 को 'महादेव ऑनलाइन बुक सट्टा ऐप 'मामले में दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान 3.29 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए, जबकि 573 करोड़ से अधिक की संपत्ति फ्रीज की गई। जिसमें सिक्योरिटीज, बॉन्ड्स और डिमैट खाते शामिल हैं। ED की जांच में पता चला है कि 'महादेव ऑनलाइन बुक ऐप 'एक संगठित सट्टेबाजी सिंडिकेट है, जो अवैध वेबसाइट्स के जरिए यूजर्स को जोड़ने, नए ID बनाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी की सुविधा देता है। इससे होने वाली'अपराध की कमाई' को बेनामी बैंक खातों के जरिए छुपाया गया और घुमाया गया।

### अवैध कमाई को विदेशी निवेश में बदलने की कोशिश

जांच में यह भी सामने आया कि इस कमाई का हिस्सा विदेश भेजा गया और भारत में शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के नाम पर निवेश किया गया। ये FPI मुख्यतः मॉरीशस और दुबई जैसे टैक्स हेवन देशों में स्थित थे। इन निवेशों का इस्तेमाल SME सेक्टर की कुछ कंपनियों के शेयर प्राइस को आर्टिफिशियली बढ़ाने के लिए किया गया, जिससे आम निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

### गूगल प्ले स्टोर से चीनी ऐप 'एब्लो' को हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने एसओआई के साथ मिलकर अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल को भारत का गलत नक्शा दिखाने वाले चीनी चैट ऐप 'एब्लो' को अपने प्ले स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक, यह चीनी ऐप भारत की सीमाओं का सही चित्रण नहीं कर रहा था। सरकारी नोटिस में कहा गया कि चीन आधारित वीडियो चैट प्लेटफॉर्म ने केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर और लद्दाख को गलत तरीके से पेश किया है और अपने नक्शे से लक्षद्वीप द्वीप को पूरी तरह से हटा दिया है।

## नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर गरजे चिदंबरम ने मांगा सबूत

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को आरोप लगाया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी और प्रतिष्ठा को धूमिल करने के मकसद से नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पूर्व वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सोनिया और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी और इसे नाकाम करेगी। चिदंबरम ने संवाददाताओं से बातचीत में नेशनल हेराल्ड मामले का ब्यौरा दिया और सवाल किया,



'अपराध कहां है? कहां हैं अपराध की कमाई? भ्रष्टाचार का पैसा कहां है? कहां है धनशोधन का अपराध?' उन्होंने कहा, 'मैं समझता हूं कि पीएमएलए अदालत ने अभी तक ईडी की शिकायत का संज्ञान नहीं लिया है।' उन्होंने दावा किया कि बुनियादी बात यह है कि पैसे का कोई लेन-देन नहीं है। चिदंबरम का कहना था, 'पैसे के बिना 'अपराध की कमाई' नहीं होती, 'अपराध की आय' के बिना, कोई धनशोधन नहीं होता है। धनशोधन हुए बिना ईडी का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।' उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया और राहुल गांधी की ईमानदारी और प्रतिष्ठा को निशाना बनाने के लिए सत्ता का खुला दुरुपयोग किया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'इस मामले के तथ्यों से यह स्पष्ट है कि ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम कर रही है।'

### मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिले केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और वक्फ अधिनियम विरोध के दौरान हुई हिंसा से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ितों से मिलने के बाद मजूमदार ने कहा कि अगर कलकत्ता हाई कोर्ट राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को जांच करने की अनुमति देता है तो सरकार को अदालत के आदेशों का पालन करना होगा। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए कटाक्ष किया और सवाल किया कि अब जबकि उनके घर नष्ट हो गए हैं तो वे कहां जाएंगे।

## फिलिपींस को चीन से बचाएगा भारत का ब्रह्मास्त्र

महानगर नेटवर्क

फिलीपींस

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच फिलीपींस ने मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें खरीदीं थी। 2022 में भारत और फिलिपींस के बीच करीब 3131 करोड़ की रक्षा डील हुई थी, जिसके तहत तीन मिसाइल बैटरियों की आपूर्ति की जानी थी। पहली बैटरी अप्रैल 2024 में एयरफोर्स विमान से भेजी गई थी, वहीं, दूसरी खेप अब समुद्री मार्ग से रवाना हो चुकी है। दरअसल, इन मिसाइलों को फिलिपींस ने स्ट्रेटजी के तहत महत्वपूर्ण जगहों पर तैनात किया है, जिससे चीन के किसी भी हमले का तुरंत और सटीक जवाब दिया जा सके।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइल की रफ्तार 2.8 मैक है, यानी यह आवाज की गति से करीब तीन गुना तेज है। यह 290 किलोमीटर तक लक्ष्य भेद सकती है और इसे जमीन, समुद्र और हवा से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस भारत और रूस का जॉइंट प्रोजेक्ट है, जो अब 83% तक स्वदेशी बन चुकी है। यह केवल एक हथियार नहीं बल्कि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और ग्लोबल स्ट्रेटेजिक रोल का संकेत है।

### फिलिपींस ने क्यों चुना भारत का ब्रह्मास्त्र?

फिलिपींस की आबादी 11.46 करोड़ है और उसका क्षेत्रफल भारत से लगभग 996% छोटा है। फिर भी, वह चीन की सैन्य धमकियों का डटकर सामना करने के लिए भारत के साथ खड़ा हुआ है। दक्षिण चीन सागर में चीन की हरकतों से परेशान होकर उसने भारत से मदद ली और ब्रह्मोस को खरीदा। अब ब्रह्मोस की तैनाती पश्चिमी लुज़ोन में कर दी गई है, यह एक ऐसा रणनीतिक इलाका है जहां से चीन के युद्धपोत, ड्रोन और फाइटर जेट्स तक सीधा निशाना साधा जा सकता है। फिलीपींस की नौसेना के 21 अधिकारियों ने 2023 में भारत में प्रशिक्षण लिया था।

## अमेरिका के बाद चीन पर भारत चलाएगा चाबुक, ड्रैगन को झटका

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत सरकार जल्द ही 12% का अस्थायी टैरिफ (सुरक्षा शुल्क) स्टील आयात पर लगाने जा रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस निर्णय का उद्देश्य चीन और अन्य देशों से हो रहे सस्ते स्टील इम्पोर्ट पर रोक लगाना है, जो पिछले कुछ वर्षों से देश की घरेलू स्टील मिलों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। इस टैरिफ को "सुरक्षा शुल्क" कहा जा रहा है, जिसे लागू करने की सिफारिश व्यापार उपचार महानिदेशालय (DGTR) ने की थी। यह शुल्क 200 दिनों तक लागू रह सकता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा क्रूड स्टील प्रोड्यूसर होने के बावजूद 2024-25 में लगातार दूसरे साल तैयार स्टील का नेट इम्पोर्टर बन गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बीते साल भारत का तैयार स्टील आयात 9.5 मिलियन मीट्रिक टन पर पहुंच गया, जो कि 9 सालों में सबसे अधिक है।

### DGTR की जांच और सिफारिश का असर

पिछले साल दिसंबर में DGTR ने जांच शुरू की थी कि क्या सस्ता स्टील इम्पोर्ट घरेलू कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहा है। जांच में यह बात सामने आई कि विदेशी स्टील की बाढ़ से घरेलू उद्योगों का अस्तित्व खतरे में है। इसके बाद मार्च में DGTR ने 12% टैरिफ लगाने की सिफारिश की। यह सिफारिश अब वित्त मंत्रालय के पास विचाराधीन है और सूत्रों के अनुसार इसे जल्द ही लागू किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले सऊदी अरब का बड़ा एक्शन

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को दो दिन के लिए सऊदी अरब के दौरे पर जा रहे हैं। इस बीच पाक एक्सपर्ट कमर चीमा ने पाकिस्तान और सऊदी अरब के रिश्तों को लेकर चिंता जताई है कि एक तरफ पीएम मोदी ट्रेड करने जा रहे हैं, दूसरी तरफ सऊदी अरब ने 4700 पाकिस्तानी भिखारियों को डिपोर्ट किया है। उनका कहना है कि 45 अरब रुपये पाकिस्तानी भिखारी दूसरे मुल्कों से कमा रहे हैं। कोई नौकरी करके तो कोई भीख मांग कर। उन्होंने सरकार पर भी हमला बोला है। उनका कहना है कि एयरपोर्ट पर सबको पता होता है कि कौन जा रहा



है तो उनको रोका क्यों नहीं जानता है।
कमर चीमा ने कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर का कहना है कि देश में 2 करोड़ 20 लाख प्रोफेशनल भिखारी हैं और वे 42 अरब पाकिस्तानी रुपये कमाते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बहुत बड़ी बैगिंग इंडस्ट्री बन गई है और हमारी सरकार इन हैंडलर्स तक पहुंच नहीं पा रही है। चीमा ने कहा कि अब ये इतना बड़ा बिजनेस बन गया है कि इन्होंने सऊदी अरब और यूएई में मांगना शुरू कर दिया, जिसकी वजह से सऊदी अरब पाकिस्तानियों के लिए एंटी बैगिंग रेग्यूलेशन लेकर आया।
कमर चीमा ने कहा कि जितने भी पवित्र स्थल हैं वहां पर अल्लाह रसूल के नाम पर पाकिस्तानी महिलाएं और पुरुष लोगों से मांगते हैं, ये पाकिस्तान के अंदर इंडस्ट्री है। सऊदी बड़े परेशान हैं कि हज के दौरान ये लोग मांगने पहुंच जाते हैं तो इनको रोकना कैसे है। उन्होंने बताया कि उन्हें ये भी पता चला कि पाकिस्तान की एंटी ड्रग नार्कोटिक्स फोर्स से बहुत सारे अरब मुल्कों ने शिकायत की कि पाकिस्तानी अरब देशों में ड्रग लेकर जाते हैं। कमर चीमा ने कहा कि सऊदी अरब के एंबेसडर हमारे मंत्रियों से मिल रहे हैं कि पाकिस्तानी भिखारियों पर कंट्रोल करें क्योंकि हमारे देश में लोग भीख नहीं मांगते हैं, ये हमारे देश को खराब कर रहे हैं। सोचिए ये कितना बड़ा बिजनेस होगा कि आज तक हम इनके हैंडलर्स को नहीं पकड़ पाए। उन्होंने पाकिस्तान सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने भिखारियों को सऊदी के ऊपर छोड़ दिया है कि जाओ अरबों से पैसे कमाओ तो कोई नौकरी कर रहा है, कोई भीख मांग रहा है, कोई फ्रॉड कर रहा है और कोई ड्रग लेकर जा रहा है।

## खुलासा : दिल्ली में 11 लोगों की मौत में चूहों का 'हाथ'




महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

दिल्ली स्थित दयालपुर के शक्ति विहार में चार मंजिला इमारत आखिर क्यों गिरी, यह सभी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कोई अपनी-अपनी बात कह रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले हाजी तहसीन के पड़ोसियों का दावा है कि उनकी इमारत में बड़े-बड़े चूहों ने बिल बनाए हुए थे। चूहों ने इमारत की बुनियाद को पूरी तरह खोखला कर दिया था। रविवार को मलबा हटाने के दौरान निगम की टीम को भी पता चला कि इमारत गिरने के अलावा तीन से चार फीट जमीन के अंदर धंसी हुई थी। ऐसे में आशंका है कि चूहों ने इमारत की नींव को पूरी तरह खोखला कर दिया था। हादसे वाली रात 11 बजे कुछ लोगों ने इमारत में झटका भी महसूस किया था। उसे संकेत मानकर उसी समय इमारत को खाली कर दिया जाता तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता। पड़ोसी सोहराब ने बताया कि हादसे वाली इमारत एल-शेप की थी। कई साल से इमारत से मोटे-मोटे चूहों को निकलते देखा जा रहा था। कई बार उन्होंने खुद तहसीन को इसके लिए टोका था। निगम की ओर से बनाई नालियों की तली को भी कच्चा छोड़ दिया गया था।

# हिंदू धर्म में भगवान शंकर की पूजा बहुत शुभ



**भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता है। हिंदू धर्म में भगवान शंकर की पूजा बहुत शुभ है। उनकी महिमा अपार है, जिसे लेकर कई सारी पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण कथा है उनके विषपान करने की है, जिस वजह से उन्हें 'नीलकंठ' के नाम से भी जाना जाता है। यह कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है, तो भगवान शिव ने विषपान क्यों किया और वे नीलकंठ कैसे कहलाए?**

## समुद्र मंथन

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार सभी देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथनकिया। इस मंथन का उद्देश्य अमृत कलश का पाना था। जैसे ही समुद्र का मंथन शुरू हुआ, तो उसमें से एक के बाद एक कई अद्भुत चीजें निकलीं। इनमें कामधेनु गाय, उच्चैश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि जैसी दिव्य वस्तुएं और रत्न शामिल थे। हालांकि, मंथन के दौरान एक ऐसा भयानक विष भी निकला, जिसकी धधकती ज्वाला से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। यह विष इतना शक्तिशाली था कि इसकी एक बूंद भी सृष्टि का विनाश करने में सक्षम थी।

## विष का भयानक प्रभाव

देवता और असुर दोनों ही इस विष के भयानक प्रभाव से भयभीत हो गए थे। वे समझ नहीं पा रहे थे कि इस विष का क्या किया जाए, क्योंकि किसी के भी अंदर इसे सहन करने की क्षमता नहीं थी। तब सृष्टि को बचाने के लिए सभी ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी ने उन्हें भगवान शिव की शरण में जाने की सलाह दी, क्योंकि केवल वे ही इस विष का सामना कर सकते थे।

## शिव जी ने विष से पूरे जगत की रक्षा

देवता और असुर तुरंत कैलाश पर्वत पहुंचे और भगवान शिव से प्रार्थना की कि वे इस विष से पूरे जगत की रक्षा करें। भोलेनाथ ने तुरंत सृष्टि को बचाने के लिए उस भयानक विष को पी लिया, लेकिन उसे अपने कंठ से नीचे उतरने नहीं दिया। उस विष के प्रभाव से शिव जी का कंठ नीला पड़ गया। इसी कारण भगवान शिव को 'नीलकंठ' के नाम से भी जाना जाता है।

## करुणा का प्रतीक

इसके बाद पूरे जगत में फिर शांति की स्थापना हुई, क्योंकि भगवान शिव ने सृष्टि को एक बड़े संकट से बचा लिया था। भगवान शिव द्वारा विषपान की यह कथा उनके त्याग और करुणा का प्रतीक है। शिव जी का नीलकंठ स्वरूप बेहद निराला है। कहते हैं कि उनके इस रूप की उपासना करने से भक्तों के सभी कष्टों का अंत होता है।

# शादी वाले घर में गलती से भी न रखें ये सामान



**जीवन में आती हैं बाधाएं**


**हिन्दू धर्म में वास्तु शास्त्र के अनुसार, जिस घर में शादी होने वाली है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का होना बहुत जरूरी है। ऐसे बहुत से लोग हैं जो अच्छे कामों में बाधा डालते हैं और कई लोगों के वैवाहिक जीवन में भी बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। शादी के घर में सकारात्मक ऊर्जा के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए जिस घर में शादी होने वाली है, वहां ऐसी चीजें रखनी चाहिए जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाने के लिए घर के दरवाजे पर हल्दी और चावल से स्वस्तिक बनाया जाता है। हल्दी का प्रयोग शादियों में भी व्यापक रूप से किया जाता है। इसके साथ ही शाम को विवाह स्थल पर घी का दीपक जलाना शुभ माना जाता है। घी या सरसों का दीपक जलाने से उस घर में सकारात्मकता बनी रहेगी।**

इसके साथ ही विवाह वाले घर में वाद-विवाद और मतभेद से बचें,ताकि घर का माहौल खराब न हो। इसके अलावा तुलसी, मनी प्लांट, पीस लिली जैसे पौधे घर का माहौल सकारात्मक बनाए रखते हैं।

इसी तरह वास्तु शास्त्र के अनुसार जिस घर में शादी होनी है, वहां कुछ चीजें नहीं रखनी चाहिए, वरना वास्तु दोष उत्पन्न होने का खतरा हो सकता है। आइए जानें कौन सी चीजें नहीं रखनी चाहिए....

## इन बातों का रखें ध्यान

वास्तु शास्त्र के अनुसार, हर चीज किसी न किसी ऊर्जा से जुड़ी होती है। कौन सी ऊर्जा का उपयोग कब किया जाए, इसका भी समय रहते निर्णय लिया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, युद्ध, युद्धभूमि या महाभारत से संबंधित तस्वीरें विवाह घर में नहीं लगानी चाहिए। इससे घरेलू कलह और वाद-विवाद बढ़ सकता है। इसके साथ ही घर का माहौल भी नकारात्मक नहीं होता। जिस घर में शादी होनी है, वहां कांटेदार या नुकीले पौधे नहीं रखने चाहिए। विशेषकर जिस स्थान या कमरे में आप हल्दी, मेहंदी, कत्था आदि अनुष्ठान करने जा रहे हैं, वहां कांटेदार या अन्य पौधे न रखें। ऐसा करने से वास्तु संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।



## दक्षिण दिशा का महत्व

दक्षिण दिशा को यमराज और पितरों की दिशा कहा जाता है, इसलिए दक्षिण दिशा में दर्पण नहीं लगाना चाहिए. इसके कारण घर के लोगों के मन में नकारात्मक भावनाएं घर कर सकती हैं. दक्षिण दिशा में दर्पण लगाने से कई प्रकार के वास्तु दोष उत्पन्न हो सकते हैं. जिस घर में शादी होनी है, वहां से सूखे फूल या सूखे फूलों की माला हटा देनी चाहिए. अक्सर, मृतक रिश्तेदारों की तस्वीरों या प्रार्थना कक्ष में रखी देवी-देवताओं की मूर्तियों पर फूलों की मालाएं कई दिनों तक लटकी रहती हैं.

# मटर पनीर कोफ्ता



**कोफ्ते कई तरह से बनाए जाते हैं। अगर आप रोजाना एक जैसा खाना खाकर बोर हो गए हैं तो आप मटर पनीर कोफ्ता बना सकते हैं। रोटी-पराठे के साथ ये कोफ्ते स्वाद में काफी अच्छे लगते हैं। अगर आप यहां बताई रेसिपी से कोफ्ते बना रही हैं तो कम समय और सामान में इन्हें बनाकर तैयार कर पाएंगी। यहां देखिए मटर पनीर के कोफ्ते बनाने का तरीका-**

## आवश्यक सामग्री



एक कप पनीर,- एक कप मटर.- एक से दो मिर्च,- एक छोटा टुकड़ा अदरक,- 4 से 5 लहसुन की कलियां,- 2.5 बड़ा चम्मच कॉर्नफ्लोर,- एक छोटा चम्मच कसूरी मेथी,- स्वादानुसार नमक,- धनिया पत्ती,- तलने के लिए तेल, - आधा कप पानी, दो बड़े चम्मच क्रीम, आधा छोटा चम्मच गरम मसाला

## बनाने की विधि

मटर पनीर कोफ्ता बनाने के लिए सबसे पहले कोफ्ते तैयार करें। इसके लिए मटर को हरी मिर्च, अदरक और लहसुन के साथ पीस लें। फिर पनीर को कद्दूकस करें और इसमें मटर के पेस्ट, कसूरी मेथी और नमक को मिला दें। अच्छे से मैश करें और फिर इस बैटर से छोटे-छोटे बॉल्स तैयार कर लें। अब तेल अच्छे से गर्म करें और फिर इसमें सभी कोफ्तों को गोल्डन ब्राउन होने तक सेक लें। अब सभी कोफ्ते एक तरफ रखें और ग्रेवी तैयार करें। ग्रेवी बनाने के लिए एक ब्लेंडर में प्याज के साथ एक मीडियम साइज प्याज, दही, पुदीने की पत्तियां, धनिया पत्ती, काजू, लहसुन, अदरक और हरी मिर्च को ब्लेंड कर लें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और फिर इसमें जीरा, दालचीनी, लौंग, बड़ी इलायची डालें। फिर , हल्दी, कश्मीरी मिर्च, धनिया पाउडर डालें और पानी की कुछ बूंदे भी इसमें मिला दें। फिर मसाला पकने के बाद इसमें प्याज के पेस्ट को डालें और अच्छे से भूनें। नमक और चीनी के कुछ दाने डालें। अच्छे से मिक्स करें और जरूरत के मुताबिक पानी डालें। गाढ़ापन आने के बाद दो बड़े चम्मच क्रीम और गरम मसाला डालें। फिर कोफ्ते डालें और ग्रेवी के साथ मिक्स होने दें। आंच बंद करें और सर्व करें।

# गर्मी के मौसम में परफ्यूम लगाने के टिप्स

**गर्मी के दिनों में पसीना आने की दिक्कत बहुत ज्यादा होती है। जिसकी वजह से कुछ लोगों के शरीर से अजीब गंध आने लगती है। इस गंध से निपटने के लिए लोग परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं। थोड़े से परफ्यूम को छिड़कने के बाद न सिर्फ आप महकने लगते है बल्कि इससे आपका मूड और भी बेहतर हो जाता है। हालांकि, कुछ लोगों की शिकायत ये रहती है कि परफ्यूम की खुशबू भी उनके शरीर में लंबे समय तक नहीं टिकती। यहां जानिए गर्मी के मौसम में परफ्यूम कैसे लगाएं ताकी खुशबू लंबे समय तक टिकी रहे। गर्मी में परफ्यूम लगाने की टिप्स**



### पल्स पॉइंट्स पर लगाएं

गर्मी के मौसम में कलाई, गर्दन और कान के पीछे परफ्यूम लगाएं। शरीर के इन हिस्सों पर खुशबू ज्यादा देर तक बनी रहती है।

### हल्का स्प्रे करें

परफ्यूम लगाने के लिए आपको बस हल्के स्प्रेज़ की जरूरत होती है। गंध से बचने के लिए इसे बहुत ज्यादा लगाने से बचें।

### रगड़ें नहीं

ज्यदातर लोग परफ्यूम स्प्रे करने के बाद अपनी कलाइयों को आपस में रगड़ने लगते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। क्योंकि इससे खुशबू बदल सकती है।

### नहाने के बाद लगाएं

थोड़ी नम त्वचा पर परफ्यूम लगाने से खुशबू लंबे समय तक टिक सकती है। इसलिए नहाने के बाद इसे लगाएं। हालांकि, सेंसेटिव हिस्सों पर लगाने से बचें।

### बालों और कपड़ों लगाएं

अगर आप चाहते हैं कि खुशबू लंबे समय तक बनी रहे तो परफ्यूम को बालों या कपड़ों पर स्प्रे कर सकते हैं।

### लेयरिंग करें

परफ्यूम की खुशबू को लंबे समय टिकाए रखने के लिए अपने परफ्यूम से मैच करती खुशबू वाले बॉडी लोशन या ऑयल की लेयरिंग करें।

# गर्मियों में जरूर पीना चाहिए-सौंफ का पानी

**गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ये मौसम अपने साथ कई परेशानियां लेकर आता है। इस दौरान सेहत से जुड़ी कई मौसमी बीमारियां भी लोगों को घेर लेती हैं। अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ देखने को मिलती है। इस बार मौसम विभाग ने भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। ऐसे में सेहत का डबल ख्याल रखना होगा। इस मौसम में डिहाइड्रेशन, लू और पाचन की समस्याएं सबसे ज्यादा परेशान करती हैं। तपती गर्मी में पसीना ज्यादा आता है जिसकी वजह से बॉडी में पानी की कमी होने लगती है।**



**गर्मी में बॉडी में पानी की कमी को पूरा करने के लिए हम मौसमी फल, हरी सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा पाई जाती हो। ऐसे में आपके किचन में मौजूद कुछ मसाले भी आपको हाइड्रेट रखने और आपकी बॉडी को ठंडा रखने में मदद कर सकते हैं। हम सौंफ की बात कर रहे हैं। गर्मियों में सौंफ का पानी किसी वरदान से कम नहीं होता है।**

### शरीर को पहुंचाए ठंडक

सौंफ में नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। इसका पानी पीने से शरीर की गर्मी कम होती है और लू से बचाव होता है। खासकर तेज धूप में बाहर निकलने से पहले सौंफ का पानी पीना चाहिए।

### डाइजेशन सुधारे

गर्मी में अक्सर एसिडटी, गैस, कब्ज और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो जाती हैं। सौंफ का पानी इन समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। इसमें मौजूद फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट्स पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं और पेट को हल्का रखते हैं।



### बॉडी को करे डिटॉक्स

सौंफ का पानी पीने से शरीर से toxins को बाहर निकालने में मदद मलिती है। यह लिवर और किडनी की सफाई करता है, जिससे त्वचा भी साफ और चमकदार बनी रहती है।



### वेट लॉस में भी फायदेमंद

अगर आप भी अपना वजन तेजी से कम करना चाहते हैं तो आपको गर्मियों में सौंफ का पानी जरूर पीना चाहिए। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और भूख को कंट्रोल करता है।

### दिल की सेहत का रखे ख्याल

सौंफ में फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है। ये सभी दिल की सेहत के लिए जरूरी होते हैं। इसका पानी पीने से दलि से संबंधति बीमारियों का खतरा कम होता है।

### त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

सौंफ में विटामिन C, एंटीऑक्सिडेंट और मिनरल्स पाए जाते हैं। ये त्वचा को ग्लोइंग बनाते हैं। बालों को भी जड़ से मजबूत करते हैं।

### *कैसे बनाएं सौंफ का पानी?*

*एक चम्मच सौंफ को रात भर के लिए एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह उठकर इस पानी को छान लें और खाली पेट पिएं। आप चाहें तो इसे हल्का गुनगुना भी कर सकते हैं। इसमें थोड़ा शहद और नींबू भी मिला सकते हैं।*

# इम्यून सिस्टम की मजबूती के लिए अपनाएं ये टिप्स

**लगातार बढ़ती गर्मी की वजह से हर कोई परेशान है। गर्म हवाओं और चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों को तरह-तरह की हेल्थ प्रॉब्लम होने लगती हैं। ज्यादातर लोग इस समय पर कमजोरी और थकान महसूस करते हैं। इसके अलावा लू,डिहाइड्रेशन, सिरदर्द जैसी समस्याओं का गर्मी में होना काफी कॉमन है। गर्मियों में भी आप बीमार न पड़े इसके लिए इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना जरूरी है। यहां हम गर्मियों में इम्यून सिस्टम बूस्ट करने के कुछ टिप्स बता रहे हैं, जानिए।**



### 1) डायट में करें कुछ जरूरी बदलाव करें

गर्मियों में इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए फल और सब्जियों को खाएं। आप बैरीज, खट्टे फल, कीवी, सेब, लाल अंगूर, प्याज जैसी फलों और सब्जियों की में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट के अच्छी मात्रा होती है, जो इम्यून सिस्टम को स्पोर्ट करते हैं। ताजा लहसुन इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में फायदेमंद होता है, हालांकि गर्मी में इसकी कम मात्रा ही खाएं। इसके अलावा शिमला मिर्च और ब्रोकली विटामिन सी से भरपूर होते हैं, जो इम्यून हेल्थ के लिए एक जरूरी पोषक तत्व है। इसके अलावा दही, ग्रीन टी, हल्दी और पत्तेदार साग को भी डायट में शामिल करें।

### 2) नींद पर ध्यान दें

क्वालिटी स्लीप पर ध्यान देने से आपके शरीर को रिपेयर करने में मदद मिलती है। अच्छी और गहरी नींद शरीर के इम्यून सेल्स को फिर से भरने और एक्टिव करने में मदद मिलती है। नींद मजबूत इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी है।

### 3) हैवी खाने से बचें

गर्मी के मौसम में पाचन धीमा पड़ जाता है। ऐसे में हैवी खाना खाने से पाचन-तंत्र पर दबाव पड़ता है। इसलिए गर्मी के मौसम में हैवी खाना खाने से बचना चाहिए। हेल्दी और हल्का खाना खाने से इम्यूनिटी बेहतर बनी रहेगी और आप हेल्दी भी महसूस करेंगे।

### 4) विटामिन डी है जरूरी

विटामिन डी इम्यून सिस्टम के कामकाज में जरूरी होता है। गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग धूप सेकने से बचते हैं हालांकि इस मौसम में भी आपको पर्याप्त धूप की जरूरत होती है। सुबह की पहली धूप कुछ देर के लिए लें। विटामिन डी बहुत कम हो तो एक्सपर्ट की सलाह पर सप्लीमेंट ले सकते हैं।

# 'फूड इज़ मेडिसिन' का उद्देश्य पोषण के महत्व पर जागरूक करना

**वर्ल्ड लिवर डे के अवसर पर परेल स्थित ग्लेनेईगल्स अस्पताल में "फूड इज़ मेडिसिन" नामक एक अभियान का आयोजन किया गया था। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में सेलिब्रिटी शेफ संजीव कपूर, साइरस ब्रोचा, कुणाल विजयकर, डॉ. सुहास अवचट, रूपा नाबर और डॉक्टर की टीम उपस्थित थी। सदयस्थिती में सभी आयुवर्ग के लोगों में लिवर से संबंधी बीमारी के मामले बढते जा रहे हैं।**

जीवनशैली में बदलाव और पौष्टिक आहार का सेवन न करना इसका मुख्य कारण हैं। कई बार थकान, पीलिया, सूजन और पेट दर्द जैसे लक्षण अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिए जाते हैं, जिससे फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और सिरोसिस जैसी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। ग्लेनेईगल्स अस्पताल के पैक्रियास, आंत एव लिवर ट्रांसप्लांट एचपीबी सर्जरी निदेशक डॉ. अनुराग श्रीमाल ने कहॉ कि युवाओं में फैटी लिवर की समस्या बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण लगातार मीठे, तले-भुने, जंक, डिब्बा बंद और प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि लोग अपनी खाने की



आदतों पर ध्यान दें। हम क्या खाते हैं, इसका सीधा असर हमारे लिवर के कार्य पर पड़ता है।"ग्लेनेईगल्स अस्पताल के हेपेटोलॉजी एवं लिवर ट्रांसप्लांट एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. चेतन कलाल ने कहॉ कि, "इस तरह का जागरूकता अभियान करना काफी जरूरी हैं। इससे लोग अपने लिवर के स्वास्थ्य पर ध्यान देना शुरू करेंगे और संतुलित आहार व नियमित व्यायाम जैसे जीवनशैली में बदलाव अपनाएंगे। इस सत्र का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि लोगों को उनके दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है।"सेलिब्रिटी शेफ संजीव कपूर ने कहॉ की, "जिस प्रकार हम अपने दिल का ख्याल रखते हैं, उसी तरह लिवर की देखभाल भी जरूरी है। हमारे खानपान की आदतों का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस अभियान का उद्देश लोगों को लिवर के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना था।

"ग्लेनेईगल्स अस्पताल के हेपेटोलॉजी एव लिवर ट्रांसप्लांट मेडिसिन डायरेक्टर डॉ. अमित मांडोत ने कहा कि हम अपने मरीजों की स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हम समाज की बेहतर सेवा के लिए हमेशा नई और प्रभावशाली पहलों की खोज करते रहते हैं। वर्ल्ड लिवर डे पर 'फूड इज़ मेडिसिन' जैसे अभियान का आयोजन हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लिवर स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बहुत जरूरी है और ऐसे कार्यक्रम लोगों को नियमित जांच और जीवनशैली में बदलाव करने में मदद करता हैं। हमारा अस्पताल अत्याधुनिक लिवर देखभाल सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें उन्नत डायग्नोस्टिक्स, विशेषज्ञ परामर्श और समग्र उपचार विकल्प उपलब्ध हैं। हमारी बहुविशेषज्ञीय लिवर टीम यह सुनिश्चित करती है कि मरीजों को समय पर उपचार और व्यक्तिगत देखभाल मिल सके।"

# इंग्लैंड दौरे से पहले जसप्रीत बुमराह ने हासिल की 'रफ्तार'

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के मौजूदा सीजन में मुंबई इंडियंस (MI) ने खराब शुरुआत के बाद जबरदस्त वापसी की है। मुंबई ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में धमाकेदार जीत हासिल की। मुंबई की यह लगातार तीसरी जीत रही। मुंबई इंडियंस के इस कमबैक में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अहम रोल रहा है। बुमराह की गैरमौजूदगी में मुंबई ने शुरुआती चार में से सिर्फ एक मैच जीता था। लेकिन उनकी वापसी के बाद मुंबई ने चार में से तीन मुकाबले जीत लिए हैं। बूम बूम बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण मुंबई के लिए शुरुआती मैचों में नहीं खेल सके थे। जसप्रीत बुमराह ने आईपीएल 2025 में अपना पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ खेला. उस मैच में उन्होंने कोई विकेट तो नहीं लिया, लेकिन सिर्फ 29 रन खर्च किए। फिर बुमराह ने दिल्ली कैपिटल्स (DC) के खिलाफ मैच में 44 रन देकर एक विकेट झटका। सनराइजर्स हैदराबाद से जब मुकाबला हुआ, तो बुमराह पूरे रंग में दिखे। उन्होंने 21 रन दिए और हेनरिक क्लासेन को एक बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड किया। अब चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बुमराह ने 25 रन खर्च किए और महेंद्र सिंह धोनी के अलावा शिवम दुबे को अपना शिकार बनाया। वैसे भी आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी पर जसप्रीत बुमराह भारी पड़ते रहे हैं क्योंकि आंकड़े झूठ नहीं बोलते। बुमराह ने धोनी को आईपीएल में किसी भी अन्य गेंदबाज की तुलना में सर्वाधिक बार आउट किया है। धोनी ने विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ धमाकेदार बैटिंग करके फिनिशर की छवि बनाई है, लेकिन भारत का सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाज उन्हें आईपीएल में हमेशा से परेशान करता आया है। इंडियन प्रीमियर लीग में बुमराह ने धोनी को अब तक 65 गेंदें फेंकी हैं। इस दौरान धोनी सिर्फ 62 रन बना सके और चार मौकों पर वो इस गेंदबाज का शिकार बने। बुमराह के खिलाफ धोनी का औसत 15.5 और स्ट्राइक रेट 95.38 रहा है। साथ ही बुमराह की 28 गेंदों पर धोनी कोई रन नहीं बना सके। देखा जाए तो जसप्रीत बुमराह साल 2013 से आईपीएल का पार्ट हैं और वो तब से मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। बुमराह ने आईपीएल में अब तक 137 मैच खेलकर 169 विकेट लिए हैं। उनका एवरेज 22.68 और इकोनॉमी रेट 7.30 रहा है।



# लखनऊ और दिल्ली में फिर होगी कांटे की टक्कर

## आईपीएल 2025 का 40वां मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा



**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन अब आधे से ज्यादा लीग चरण मुकाबलों के बाद रोमांचक दौर में पहुंच गया है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अब सभी टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। आईपीएल 2025 का 40वां मुकाबला मंगलवार 22 अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इस सीजन में इन दोनों टीमों के बीच खेले गए मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की थी। ऐसे में एलएसजी डीसी से पिछली हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। इस अहम मैच से पहले इन दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो इन दोनों टीमों का आमना-सामना अब तक कुछ छह बार हुआ है। जिसमें से तीन मुकाबले एलएसजी ने अपने नाम किए हैं तो वहीं, डीसी ने भी तीन मैचों में जीत हासिल की है। इस तरह अब तक दोनों बराबरी पर हैं। अब देखने वाली बात होगी कि इस मुकाबले को जीतकर कौन सी टीम आगे निकलेगी।

### लखनऊ सुपर जाइंट्स स्क्वाड

एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, अब्दुल समद, रवि बिश्नोई, शार्दुल ठाकुर, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, आवेश खान, आयुष बडोनी, हिम्मत सिंह, मयंक यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, शमर जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी और आकाश दीप।

### दिल्ली कैपिटल्स टीम

अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल (कप्तान), आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, दुशमंथा चमीरा, त्रिपुराना विजय, फाफ डू प्लेसिस, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।




# डुप्लांटिस ने की नीरज चोपड़ा की तारीफ



**मैड्रिड।** पोल वॉल्ट खेल में विश्व रिकॉर्ड धारी स्वीडिश अमेरिकी खिलाड़ी अर्मांड डुप्लांटिस ने भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तारीफ की है। डुप्लांटिस ने नीरज को बेहतरीन इंसान और प्रेरणास्त्रोत बताया है। डुप्लांटिस के मुताबिक, वह नीरज से ओलंपिक में दो पदक जीतने और ग्लोबल स्टार बनने से बहुत पहले मिले थे। उनका कहना है कि इतनी अपार सफलता हासिल करने के बाद भी नीरज अब भी उतने ही विनम्र और बेहतरीन इंसान हैं।

### डुप्लांटिस सर्वकालिक महान पोल वॉल्ट खिलाड़ी

डुप्लांटिस को सर्वकालिक महान पोल वॉल्ट एथलीट कहा जाता है। वह सात बार के सीनियर वैश्विक चैंपियन और 6.27 मीटर से वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। नीरज ने पिछले दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत के साथ भारत के सबसे महान एथलीट के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है। 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स' की पूर्व संध्या पर डुप्लांटिस ने नीरज के साथ अपनी शुरुआती मुलाकातों को याद करते हुए उन्हें प्रेरणादायी करार दिया। डुप्लांटिस ने कहा, 'नीरज अब भी वैसे ही इंसान है, वही इंसान जिससे मैं वर्षों पहले मिला था। हम शायद 2016 की विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पहली बार एक ही प्रतियोगिता में थे, उन्होंने वहां भी धमाकेदार प्रदर्शन किया। वह प्रेरणास्त्रोत हैं।

# ऑरेंज कैप की रेस में सूर्यकुमार यादव




**नई दिल्ली।** आईपीएल के हर मैच के बाद जिस तरह से अंक तालिका बदल रही है, उसी तरह ऑरेंज कैप की रेस भी दिलचस्प होती जा रही है। अब इस साल का आईपीएल करीब करीब आधा हो गया है। सभी टीमें अपने कम से कम सात मुकाबले खेल चुकी हैं। इस बीच वैसे तो ऑरेंज कैप की रेस में इस वक्त एलएसजी के निकोलस पूरन सबसे आगे चल रहे हैं, लेकिन अब सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने भी इस कैप के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। इंडियन प्रीमियर लीग में इस साल अभी तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं, जो लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने इस साल आठ मैच खेलकर 368 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने चार अर्धशतक लगाए हैं। उनका औसत भी 50 से ज्यादा का है और वे 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। इसके बाद इस लिस्ट में नाम आता है साई सुदर्शन का। वे इस साल आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी हैं। साई सुदर्शन गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने सात मुकाबले खेलकर 365 रन बनाने का काम किया है। यानी वे निकोलस पूरन से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उनके बल्ले से अभी तक चार अर्धशतक आए हैं। वे भी 50 से ज्यादा के औसत से रन बना रहे हैं, वहीं उनका स्ट्राइक रेट 150 से भी ज्यादा का है।

### सूर्यकुमार तीसरे और विराट चौथे नंबर पर

बात अगर सूर्यकुमार यादव की करें तो वे अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। सूर्यकुमार यादव ने इस साल अब तक आठ मैच खेलकर 333 रन बना लिए हैं। उनके नाम दो अर्धशतक हैं। सूर्या का औसत भी 50 से ज्यादा का है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है। वे इस लिस्ट में नंबर 4 पर हैं। उन्होंने आठ मैच खेलकर 322 रन बना लिए हैं। यानी सूर्या और कोहली में भी ज्यादा अंतर नहीं है। विराट कोहली का औसत तो 64 के करीब का है। हालांकि अभी कई मुकाबले बाकी हैं और देखना होगा कि अब ये सीजन खत्म होगा तो कौन सा खिलाड़ी बाजी मारने में कामयाब होता है।

# सहवाग ने ग्लेन मैक्सवेल को लताड़ा



**नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग और ग्लेन मैक्सवेल के बीच अनबन की खबरें समय-समय पर चर्चा का विषय बनी रहती हैं। दरअसल बताया जाता है कि सहवाग और मैक्सवेल के संबंध तब बिगड़े जब सहवाग पंजाब किंग्स के मेंटॉर हुआ करते थे और मैक्सवेल उन दिनों टीम की कप्तानी कर रहे थे। अब भारत के पूर्व क्रिकेटर सहवाग ने मैक्सवेल समेत विदेशी क्रिकेटरों पर तंज कस दिया है। उन्होंने कहा है कि विदेशी खिलाड़ी यहां छुट्टियां मनाने आते हैं और छुट्टियों का आनंद लेकर चले जाते हैं। उनके इस बयान पर जमकर घमासान मचा हुआ है।

क्रिकबज के एक शो पर चर्चा करते हुए वीरेंद्र सहवाग ने कहा, "मुझे लगता है कि ग्लेन मैक्सवेल और लियाम लिविंगस्टोन के अंदर खेलने की भूख खत्म हो चुकी है। ये यहां होलीडे मनाने आते हैं, होलीडे मनाकर चले जाते हैं। उनके अंदर टीम के लिए लड़ने का जुनून अब नजर नहीं आता। वे बस जीतने की बात करते हैं, लेकिन बढ़िया प्रदर्शन नहीं करते।" वीरेंद्र सहवाग ने आगे यह भी कहा कि उन्होंने कई विदेशी खिलाड़ियों के साथ काम किया है, जो टीम के लिए टूर्नामेंट जीतना चाहते थे, लेकिन उन्हें मैक्सवेल और लिविंगस्टोन में ऐसी कोई भूख दिखाई नहीं पड़ती। उन्होंने डेविड मिलर की तारीफ करते हुए कहा, "पंजाब किंग्स के नेट सेशंस के दौरान डेविड टर्निंग पिच तैयार करने में योगदान दिया करते थे। वो स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालने का प्रयास करते थे।"




**पहले कह चुके हैं दारुबाज**

वीरेंद्र सहवाग पहले भी ग्लेन मैक्सवेल के लिए तीखे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं। उन्होंने एक बार मैक्सवेल को '10 करोड़ की चीयरलीडर' कहा था। वहीं साल 2020 में सहवाग ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज पर ज्यादा शराब का सेवन करने और केवल गोल्फ पर ध्यान देने का आरोप लगाया था।

# कोच फ्लेमिंग ने कहा- 2026 में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी स्थिति को लेकर यथार्थवादी है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि पांच बार की चैंपियन अगले साल के लिए खिलाड़ियों को खोजने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। खराब फॉर्म से जूझ रही चेन्नई की टीम को आठ मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा, जब मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां उसे नौ विकेट से करारी शिकस्त दी, जिससे महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर बनी हुई है।

चेन्नई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 176 रन ही बना सकी। मुंबई ने रोहित शर्मा (नाबाद 76) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 68) के अर्धशतकों की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। फ्लेमिंग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''जब आप अपने स्तर से नीचे खेल रहे हों तो प्रतियोगिता में बने रहने के लिए उत्साहित होना मुश्किल होता है लेकिन हमें अपना हौसला बनाए रखना चाहिए।'' वहीं IPL 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है।



# रोहित के क्रिकेट कॉरियर पर बीसीसीआई ने लगाई मुहर



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने आखिरकार सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान कर दिया है। इसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था, लेकिन देरी से ही सही, लेकिन अब घोषणा हो गई है। इस बीच फिर से बीसीसीआई ने ए प्लस ग्रेड में चार भारतीय खिलाड़ियों को रखा है। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा का नाम शामिल है। बीसीसीआई के इस ऐलान के बाद अब ये भी पक्का सा हो गया है कि रोहित शर्मा फिलहाल तो कहीं नहीं जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम जब पिछले साल पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया गई थी, तब रोहित शर्मा लगातार अपने फार्म से जूझते हुए नजर आए। टीम का भी प्रदर्शन उस सीरीज के दौरान कुछ खास नहीं रहा। हालात यहां तक हो गए थे कि रोहित शर्मा को खुद को आखिरी टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बाहर करना पड़ा था। इसके बाद अटकलें लगाई जाने लगी थी कि रोहित शर्मा अब टेस्ट से रिटायरमेंट ले लेंगे। वे टी20 इंटरनेशनल से तो पहले से ही संन्यास का ऐलान कर चुके हैं। लेकिन अब जो ऐलान बीसीसीआई ने किया है, उससे नहीं लगता कि रोहित शर्मा कहीं जा रहे हैं। जून में जब टीम इंडिया पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी तो उसमें भी रोहित शर्मा ही कप्तानी करते हुए नजर आ सकते हैं। हालांकि अभी टीम का ऐलान नहीं किया गया है।

**रोहित को ए प्लस ग्रेड**

माना जा रहा है कि बीसीसीआई के आला अधिकारियों ने सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट के ऐलान से पहले निश्चित रूप से रोहित शर्मा से बात की होगी और उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना होगा। उसके बाद ही उन्हें ए प्लस का ग्रेड दिया गया है।

# बाबुता के बाद रूद्रांक्ष-आर्या की जोड़ी का दिखा जलवा, जीता रजत

**पेरू।** रूद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोरसे की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता जबकि पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

रूद्रांक्ष और आर्या की जोड़ी को फाइनल में नार्वे के जोन हरमान हेग और जीनेटे हेग ड्यूस्टैड से 11-17 से हार मिली। इससे पहले पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।



# खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं एमएस धोनी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा। इस सीजन चेन्नई प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले स्थान पर है। अभी तक 8 मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ दो मुकाबले ही जीत सकी है। रविवार को मुंबई के खिलाफ हार के बाद चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बड़ा बयान दे डाला। अपने बयान से माही एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। MI से हार के बाद एमएस धोनी ने माना कि उनके खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप तैयार कर रहे हैं। धोनी ने मुंबई से हार के बाद कहा, "हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा।" उन्होंने कहा, "हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।" बता दें कि चेन्नई के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद एमएस धोनी को टीम की कमान सौंप दी गई. हालांकि, इसके बाद भी टीम का हालत नहीं सुधरी है. MI ने रविवार को चेन्नई को 9 विकेट से तगड़ी हार दी. इस मैच में चेन्नई की टीम पहले खेलने के बाद 176 रन ही बना सकी थी, टीम अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने में फेल रही।



# BCCI के नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में ऋषभ पंत का प्रमोशन

## श्रेयस अय्यर-ईशान किशन की वापसी, ऋषभ पंत को प्रमोशन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-2025 सीजन के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत कई सीनियर खिलाड़ियों के ग्रेड में कोई बदलाव नहीं हुआ है। श्रेयस अय्यर को शानदार प्रदर्शन का तोहफा मिला है। वहीं कुछ खिलाड़ियों को BCCI ने प्रमोशन दिया है। इस बीच बोर्ड ने कुछ खिलाड़ियों को प्रमोशन के बजाय डिमोशन देकर चौंका दिया है। गौरतलब हो कि इस बार की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में कई बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का नाम साल 2024 में खूब उछला था। उन्हें रणजी ट्रॉफी में ना खेलना इतना भारी पड़ा कि दोनों को BCCI ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर कर दिया था. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया के लिए 243 रन बनाने वाले अय्यर को ग्रेड बी में रखा गया है, जिन्हें अब सालाना 3 करोड़ रुपये की तंख्वाह मिलेगी। दूसरी ओर ईशान किशन भी ग्रेड सी में जगह बनाने में सफल रहे हैं। उनकी सलाना सैलरी 1 करोड़ रुपये होगी। ऋषभ पंत धीरे-धीरे टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों में जगह बनाते जा रहे हैं। 2023-24 सीजन की लिस्ट में पंत को ग्रेड बी का प्लेयर बनाया गया था, लेकिन इस बार BCCI ने उन्हें प्रमोशन देते हुए ग्रेड ए में शामिल कर लिया है।





### चार खिलाड़ियों का हुआ डिमोशन

BCCI ने हर्षित राणा, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी और वरुण चक्रवर्ती समेत 8 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया है। मगर शार्दुल ठाकुर, जीतेश शर्मा, केएस भरत और आवेश खान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर कर दिया है। पिछले सीजन ये चारों खिलाड़ी ग्रेड सी में शामिल थे।

**ग्रेड A+ -** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

**ग्रेड A -** मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत।

**ग्रेड बी -** सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी-** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफ़राज़ खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।



# ‘हमें नए लोगों के दिमाग को समझना पड़ेगा’

## इमरान हाशमी ने बताया कैसी फिल्में बनाने की है जरूरत

**अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘ग्राउंड जीरो’ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। कश्मीर से लेकर मुंबई तक में फिल्म की स्क्रीनिंग की जा रही है और पूरी टीम फिल्म के प्रचार में जुटी है। इस बीच इमरान हाशमी ने सिनेमा की दुनिया में प्रासंगिक बने रहने या नए निर्माताओं के साथ काम करने के लिए क्या करना चाहिए इस पर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को समझना और उनसे सीखना मौजूदा वक्त में बने रहने के लिए बहुत जरूरी है।**

### नए अभिनेताओं-निर्माताओं को समझना जरूरी

हाल ही में पत्रकारों के साथ बातचीत में इमरान हाशमी ने नए लोगों के साथ काम करने के लिए किस तरह से संतुलन बनाना जरूरी है,इसको लेकर बात की। अभिनेता ने कहा,“जब आप एक निश्चित उम्र पार कर लेते हैं, जब नए तरह के अभिनेता और फिल्म निर्माता आते हैं, तो प्रासंगिकता और उनसे जुड़ना बहुत जरूरी हो जाता है। उनसे सीखना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लगता है कि प्रासंगिकता इसी के बारे में है। जब आप उनके दिमाग से जुड़ते हैं और खुद को नया रूप देते हैं और किरदारों, शैलियों व फिल्मों पर नए सिरे से विचार करते हैं, और अतीत में नहीं जीते हैं। यहीं से जुड़ने का और प्रासंगिकता का पूरा खेल शुरू होता है।”

### खुद पर किए बदलाव को बताया

एक कलाकार के तौर पर इमरान ने कहा कि उन्हें चीजों को बदलना और खुद को चुनौती देना पसंद है। अभिनेता ने कहा,“जब मैंने 2017-2018 में ‘बार्ड ऑफ ब्लड’ किया, तो वह एक बदलाव था। अगर मैं सिर्फ पीछे की ओर जा रहा था और मैं ऐसा सोच रहा था कि मैं वही करता रहूंगा जो मैं करता हूं, तो यह प्रासंगिकता के लिए प्रतिकूल है। इंडस्ट्री एक अलग चरण से गुजर रही है जहां हमें अपनी फिल्मों के प्रकार पर फिर से सोचने जरूरत है। ऐसी फिल्में बनाएं जो थोड़ी अधिक जड़ें जमाए हुए हों और दर्शकों के लिए पूरे भारत की भावना को सामने लाएं।

**अब जबकि ये साफ हो चुका है कि आमिर खान ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी की फिल्म ‘लापता लेडीज’ को ऑस्कर तक पहुंचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया और फिल्म की कास्ट को भी इस फिल्म के ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से भेजे जाने की खबर पहले ही लग चुकी थी, तो इस फिल्म का पूरा हाइप झाग की तरह नीचे बैठ गया है। फिल्म की निर्देशक किरण राव की कोई अगली फिल्म अब तक घोषित नहीं हुई है। और तो और फिल्म की लीड कलाकार प्रतिभा रांटा की अगली फिल्म भी बताते हैं कि इसी चक्कर में अटक गई है। वैसे तो ऑस्कर तक चक्कर लगा आई आमिर खान की कंपनी की फिल्म ‘लापता लेडीज’ के कलाकार आईफा अवाड़्र्स में नजर आने के बाद फिर से अपने अपने काम में लग गए हैं।**

# ‘लापता लेडीज’ का बुलबुला फूटने का दिखा सीधा असर

## जानिए कहां अटकी प्रतिभा रांटा की अगली फिल्म



फिल्म के हीरो स्पर्श श्रीवास्तव फिर से वेब सीरीज पर लौट आए हैं। उनकी नई वेब सीरीज ‘दुपहिया’ की तारीफ भी खूब हो रही है। अनुपम खेर की कमाल की फिल्म ‘सिग्नेचर’ से फिल्म निर्माण में वापसी करने वाले निर्माता के सी बोकाडिया ने स्पर्श श्रीवास्तव को लेकर साउथ सिनेमा की एक चर्चित फिल्म की रीमेक बनाने का प्लान बनाया था, लेकिन ‘लापता लेडीज’ पर लगे दाग के बाद वह भी इस योजना को तिलांजलि देने का मन बना चुके हैं। वहीं फिल्म में जया त्रिपाठी और पुष्पा रानी नामों के साथ दो अलग अलग पहचाने जीने वाली अभिनेत्री प्रतिभा रांटा पर इन दिनों सबकी नजर है। लेकिन, उनकी अगली फिल्म की आधिकारिक रिलीज का एलान न होने से वह भी परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रतिभा रांटा ने फिल्म ‘लापता लेडीज’ के तुरंत बाद अपनी अगली फिल्म अनुभूति कश्यप के निर्देशन में शुरू की थी। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा भी एक अहम भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म हुए करीब चार महीने पूरे होने को है, पर न तो अब तक फिल्म का नाम सामने आया है और न ही इसकी रिलीज डेट।

# ‘गंदी बात’ फेम एक्ट्रेस अन्वेषी जैन के बोल्ड लुक्स

**गंदी बात वेब सीरीज से फेमस हुई एक्ट्रेस अन्वेषी जैन हमेशा अपनी बोल्नेस्स को लेकर चर्चा में रहती हैं. एक्ट्रेस के बोल्ड लुक्स इंटरनेट पर काफी तेजी से वायरल होते हैं. हॉट और सिजलिंग लुक्स से अन्वेषी अक्सर महफिल लूट लेती हैं। अन्वेषी ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में अपने बोल्ड लुक्स का तड़का लगाया है।**

गंदी बात वेब सीरीज से पॉपुलर हुई एक्ट्रेस अन्वेषी जैन को आज हर कोई जानता है।



एक्ट्रेस अपने हॉट लुक्स की वजह से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। वेस्टर्न हो या इंडियन,अन्वेषी हर एक लुक काफी हॉट होता है। एक्ट्रेस अक्सर अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती नजर आती हैं। अन्वेषी जैन के स्टाइलिश लुक का हर कोई दीवाना है। एक्ट्रेस ने साउथ की कई फिल्मों में बोल्ड सीन्स दिए हैं।

अन्वेषी OTT की काफी जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं,आप भी इनकी तरह स्टाइल करके किसी भी फंक्शन में फ्लॉन्ट कर सकती हैं। आज अन्वेषी काफी फेमस हैं. बेहद ही कम समय में अन्वेषी की पॉपुलैरिटी काफी बढ़ गई हैं. एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं. अन्वेषी कई बड़े शो की होस्ट भी रह चुकी हैं. लेकिन उन्हें असल पहचान मिली साल 2018 में रिलीज हुई वेब सीरीज गंदी बात 2 से. अन्वैषी जैन मध्यप्रदेश के खजुराहो की हैं, फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले एक्ट्रेस को कई बार बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था।

# नेपो किड्स पर नुसरत ने साधा निशाना

**हाल ही में अभिनेत्री नुसरत भरूचा ने अपने सिनेमाई संघर्षों के बारे में बात की और नाखुश दिखीं। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे जान-पहचान वालों के लिए सिनेमा में जगह बनाना आसान हो जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि निर्देशकों से एक बार मिलने के लिए उन्हें बहुत संघर्ष करने पड़े थे।**



### नुसरत भरूचा ने क्या कहा?

नुसरत भरूचा इस समय अपनी फिल्म 'छोरी 2' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान वह शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में पहुंची, जहां उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में बात की। अभिनेत्री ने कहा कि उन लोगों को इंडस्ट्री से बहुत फायदा होता है, जिन्हें लोग पहले से पहचानते हैं या फिर उनके माता-पिता को जानते हैं। जान-पहचान की वजह से वो लोग उस जगह पर पहुंच जाते हैं, जहां इंडस्ट्री में नए एक्टर्स नहीं पहुंच पाते हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस ने बताया कि वो उन दरवाजों पर दस्तक दे सकते हैं, जिन्हें नए या अनजान लोगों को पता नही होता है, जिस कारण वह आसानी से अपने लक्ष्य की ओर पहुंच जाते हैं। इसी वजह से उन लोगों को काम आसानी से मिल जाता है।

### अभिनेत्री ने अपने संघर्ष की सुनाई कहानी

अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बताया कि उन्हें किसी फिल्म निर्माता या निर्देशक से मिलने के लिए भी बहुत संघर्ष करने पड़ते थे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह किसी को नेपो किड्स नहीं कहना चाहेंगी, क्योंकि सबके अपने-अपने संघर्ष हैं। वहीं, उन्होंने कुछ नामों का भी जिक्र किया, जिन्होंने अभिनेत्री के मुश्किल दिनों में उनकी सहायता की। नुसरत ने बाताया कि निर्देशक कबीर खान ने उन्हें मिलने का समय दिया और उनका दिन बन गया था, इस वजह से वह कई दिनों तक खुश रही थी।

# हॉटनेस और बोल्डनेस में सनी लियोन से भी आगे हैं ये एक्ट्रेस

## बिकिनी लुक को देख आप भी हो जाएंगे मदहोश

बॉलीवुड की बोल्ड एक्ट्रेसेज में शुमार इस एक्ट्रेस ने फिल्मों और सीरीज में हद से ज्यादा बोल्ड और इंटीमेट सीन दिए हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती और हॉटनेस लोगों को दीवाना बना लेती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी बहुत एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं। एक्ट्रेस का लुक लोगों को मदहोश करने के लिए काफी है। करिश्मा शर्मा ने टीवी सीरियल में भी काम किया है। एक्ट्रेस ने अपनी शुरुआत टीवी पर आने वाला सबसे शानदार सीरियल 'पवित्र रिश्ता' से किया किया था। इसके बाद ये कपिल शर्मा शो में भी नजर आई थीं।

करिश्मा शर्मा ने गजेंद्र वर्मा के संग सॉन्ग 'तेरा घाटा' में भी दिख चुकी हैं। ये गाना लोगों को बहुत पसंद आया था,इस गाने से इन्हें बहुत फेम मिला और ये बहुत जल्दी फेमस हो गईं। करिश्मा शर्मा सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं और फोटोज शेयर करती हैं। एक्ट्रेस का हॉट और बोल्ड लुक लोगों को बहुत पसंद आता है। एक्ट्रेस की खूबसूरती के चर्चे भी बहुत हैं। करिश्मा ने 'रागिनी MMS रिटर्न' में रागिनी का किरदार निभाया था। यह किरदार बहुत बोल्ड और हॉट था। सीरीज में एक्ट्रेस ने बोल्ड और इंटीमेट सीन भी दिया था,जिसे देख लोगों के होश उड़ गए।



# कटरीना कैफ की बहन इसाबेल की डेब्यू फिल्म का टीजर जारी

**बॉलीवुड में फिल्मी घराने से एक और एक्ट्रेस पदार्पण करने जा रही है। अभिनेत्री कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ की फाइनली बॉलीवुड में एंट्री हो गई है। इसाबेल और अभिनेता पुलकित सम्राट की फिल्म ‘सुस्वागतम खुशामदीद’ का टीजर आज जारी हो गया है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। जो मई में रिलीज होने वाली है।**



टीजर से पता चलता है कि पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की इस फिल्म की कहानी दो अलग-अलग धर्मों और अलग-अलग देशों से आने वाले किरदारों की कहानी है। जिसमें पुलकित सम्राट के किरदार का नाम अमन है जो भारत का है और इसाबेल के किरदार का नाम नूर है, जो संभवतः पाकिस्तान से आती है। टीजर से साफ है कि फिल्म की कहानी इसी मुद्दे पर आगे बढ़ेगी कि दो अलग-अलग धर्मों से आने के बावजूद इनकी प्रेम कहानी कैसे मुकम्मल होगी। जारी हुए टीजर में कोई डायलॉग नहीं है। सिर्फ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ दोनों कलाकारों का रोमांस नजर आ रहा है। फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म के टीजर को पुलकित सम्राट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा किया है। इस टीजर को साझा करते हुए पुलकित ने कैप्शन में लिखा है, “दो आत्माएं, दो देश, एक प्रेम कहानी।

# एलन मस्क की मां के साथ सिद्धिविनायक पहुंचीं जैकलीन फर्नांडिस

**रविवार को जैकलीन फर्नांडीस मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंचीं। एक्ट्रेस के साथ मेय मस्क यानी अमेरिकी बिजनेस मैन एलन मस्क की मां भी नजर आईं। यह दोनों ईस्टर फेस्टिवल वाले दिन सिद्धिविनायक पहुंची थीं।**


### गोल्डन कलर के सूट में दिखीं जैकलीन

सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उसमें जैकलीन ने गोल्डन कलर का सूट और दुपट्टा पहना है। मेय भी पीले रंग की एक ड्रेस में नजर आ रही हैं। दोनों ने गणपति बप्पा के दर्शन किए, प्रार्थना की। मेय मस्क की बात करें तो वह अपनी एक किताब के लॉन्च इवेंट के लिए भारत आईं। मेय मस्क की किताब का हिंदी एडिशन लॉन्च होने वाला है।

जैकलीन ने मेय मस्क के साथ सिद्धिविनायक मंदिर जाने के अपने एक्सपीरियंस को साझा किया। वह कहती हैं, ‘यह बहुत ही अच्छा एक्सपीरियंस रहा। मैंने अपनी प्यारी दोस्त मेय मस्क के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। वह अपनी बुक लॉन्च के सिलसिले में भारत में हैं। मैंने मेय मस्क की किताब से काफी कुछ सीखा है। मैंने इस बात को समझा है कि उम्र बस एक नंबर है, इससे आपके सपनों और लक्ष्यों पर असर नहीं पड़ना चाहिए।



# अभिनव को धमकी देने वालों को रुबीना दिलैक की चेतावनी



**टीवी अभिनेता अभिनव शुक्ला को कथित तौर पर एक सोशल मीडिया यूजर ने जान से मारने की धमकी दी है। यूजर ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का हिस्सा होने का दावा किया। यह धमकी उनकी पत्नी रुबीना दिलैक और आसिम रियाज के बीच हुए झगड़े के बाद मिली है। अब अभिनेत्री ने इस धमकी पर प्रतिक्रिया दी और धमकी देने वालों को चेतावनी देते हुए उनके व्यवहार की आलोचना की है।**

अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने उनके पति अभिनव को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद इस मामले पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। कथित तौर पर यूजर आसिम रियाज का प्रशंसक है। उन्होंने उसके व्यवहार की आलोचना करते हुए गुस्से में लिखा, ‘मेरी खामोशी मेरी कमजोरी नहीं है! मेरे धैर्य की परीक्षा मत लो।’ अभिनव ने भी एक ऐसे ही मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, ‘यह सब एक शो में असहमति के लिए है।’ शो ‘बैटलग्राउंड’ में अभिनव की पत्नी रुबीना और रैपर आसिम के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद कथित तौर पर उनके पति अभिनत को जान से मारने की धमकी दी गई। आसिम और रुबिना के इस एपिसोड के सामने आने के बाद अभिनव को सोशल मीडिया पर निशाना बनाया गया। उन्हें सलमान के घर पर हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना का हवाला देते हुए धमकी दी गई।

# ग्लोबल अवॉड्र्स में फिल्मी हस्तियों ने बिखेरा जलवा

**वेलनेस जगत के सबसे शानदार और प्रतिष्ठित कार्यक्रम, ग्लोबलस्पा अवाड्र्स का आयोजन मुंबई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य समारोह ने स्पा, वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रमुख दिग्गजों को एक मंच पर एकत्रित किया। शाम की रौनक बढ़ाने के लिए बॉलीवुड, टेलीविज़न और फैशन जगत की जानी-मानी हस्तियां भी मौजूद थीं, जिन्होंने कार्यक्रम में ग्लैमर और लोकप्रियता का तड़का लगाया। अब अपने सातवें संस्करण में, ग्लोबलस्पा अवाड्र्स का मुख्य उद्देश्य असाधारण मानकों को बढ़ावा देना और स्पा प्रेमियों व उच्च-स्तरीय वेलनेस प्रतिष्ठानों के बीच गहरे संबंध स्थापित करना है।**

ग्लोबलस्पा इंडिया और मिडिल ईस्ट की मुख्य संपादक, परिणीता सेठी ने कहा,ग्लोबलस्पा अवाड्र्स में हमारा मिशन उन व्यक्तियों और संगठनों को पहचानना और सम्मानित करना है जो वेलनेस के मानकों को लगातार बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। ये पुरस्कार उनके जुनून, समर्पण और नवाचार का सम्मान हैं।₹ इस साल के शानदार समारोह की मेजबानी खूबसूरत सोफी चौधरी और जाने-माने कॉमेडियन नितिन मिरानी ने की। इस भव्य आयोजन में काजोल, सारा अली खान, रेखा, वेदांग रैना, मलाइका अरोड़ा, रकुल प्रीत सिंह, सोनाली बेंद्रे, नितांशी गोयल, अविनाश तिवारी, प्रतिभा रांटा, वीर पहारिया, जैस्मिन भसीन जैसी कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। रेड कार्पेट पर उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में एक असाधारण चमक बिखेर दी। इन दिग्गजों ने न केवल ग्लैमर का तड़का लगाया, बल्कि सर्वश्रेष्ठ डेस्टिनेशन स्पा, सर्वश्रेष्ठ सैलून, सर्वश्रेष्ठ ब्यूटी ब्रांड, सर्वश्रेष्ठ होटल स्पा जैसी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रस्तुतकर्ता और प्राप्तकर्ता की भूमिका भी निभाई। इस वर्ष के आयोजन ने विस्तारित विकल्पों, नवीन प्रौद्योगिकी,स्थिरता पहलों और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मानकों को और ऊंचा उठाया, जिसमें जाने-माने सेलेब्रिटीज़ के साथ सेल्फ-केयर (आत्म-देखभाल) के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। शाम के मुख्य आकर्षणों में से एक ग्लोबलस्पा के नवीनतम कवर का अनावरण भी था, जिसमें सारा अली खान नज़र आईं। यह कवर शूट रोहन श्रेष्ठ द्वारा स्विट्ज़रलैंड के खूबसूरत इंटरलेकन में किया गया था।

**भागीदार ब्रांड्स ने ग्लोबलस्पा अवाड्र्स 2025 के साथ अपने सफल सहयोग के अनुभव साझा किए :**

समीरा हैबिटैट्स (प्रेझेंटिंग पार्टनर): इस वर्ष समीरा हैबिटैट्स ग्लोबलस्पा अवाड्र्स के प्रेझेंटिंग पार्टनर थे। अलीबाग रियल एस्टेट में तीन दशकों के नेतृत्व के साथ, समीरा के सिग्नेचर न्यू वर्ल्ड लिविंग स्केप्स और लैंड होल्ड्स, प्रकृति, धीमी जीवन शैली और वेलनेस के साथ विस्तृत जीवन शैली का मिश्रण करते हैं।

